


सांध्य दैनिक

# श्रीकंचनपथ

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्र.-छ.ग./ दुर्ग /94/2023-25

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच

बेचना है
मेन्स वियर फर्नीचर
लकड़ी का कैश काउन्टर, लोहे का काउन्टर
पाईप, कांच, टफन ग्लास, तीन कुलर (बड़ा वाला)
इनवर्टर, बैटरी, पानी मशीन, लाईट, टीवी, डमी
संपर्क करें
फ्रेंड्स कलेक्शन
जवाहर मार्केट
930144443

वर्ष- 15 अंक - 184 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, गुरूवार 18 अप्रेल 2024 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

## खास-खबर

### 8 किलो गांजा के साथ पकड़ाया तस्कर

**बिलासपुर।** सिरगिट्टी पुलिस ने मध्यप्रदेश के युवक को आठ किलो गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी ओडिशा से गांजा लाकर बस से एमपी जाने की फिराक में था। इससे पहले ही वह पुलिस की पकड़ में आ गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है। सिरगिट्टी पुलिस को सूचना मिली कि एक युवक लोको कालोनी के पास गांजा लेकर खड़ा है। युवक एमपी जाने के लिए वाहन की तलाश कर रहा है। इसी के बाद मध्यप्रदेश के सीधी जिला अंतर्गत ग्राम बोण्डामुडा निवासी (40) सरोज महापात्रा को पकड़ लिया। पूछताछ में वह गोलमोल जवाब दे रहा था। उसके ट्राली बैग की तलाशी में आठ किलो गांजा मिला। गांजा जब्त कर युवक को थाने लाया गया। यहां पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह ओडिशा से गांजा लेकर आया था। इसके बाद वह एमपी जाने के लिए बस की तलाश कर रहा था।

### शादी का खाना खाकर बीमार हुए मेहमान, बच्ची की मौत

**बिलासपुर।** शहर से लगे मस्तूरी क्षेत्र के ग्राम भदौरा में कुर्रे परिवार के शादी कार्यक्रम में खाना खाकर मेहमान बीमार हो गए। बाद में एक बच्ची की मौत भी हो गई। बताया गया है कि रात में भोजन के बाद कुछ लोगों को उल्टी-दस्त होने लगे। लोगों ने इस पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया, लेकिन अगले दिन दोपहर के भोजन के बाद फिर लोगों को उल्टी दस्त होने लगे। हालत बिगड़ने पर सभी को मस्तूरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। इस दौरान एक रिश्तेदार धनीराम टंडन की 6 वर्षीय बच्ची सिद्धि की हालत गंभीर होने पर उसे सिम्स रेफर किया गया। परिजन उसे एक निजी अस्पताल ले गए, वहां इलाज के दौरान बच्ची ने दम तोड़ दिया। सिम्स में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। प्रथम जांच में डॉक्टर इसके पीछे फूड पॉयजनिंग वजह बता रहे हैं। अभी मामले पर संबंधित थाने में न तो कोई शिकायत और न ही अपराध दर्ज हुआ है।

### बसपा ने 3 और प्रत्याशी उतारे, कोरबा से पूर्व विधायक पर दाँव

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में बहुजन समाज पार्टी ने (बसपा) लोकसभा चुनाव के लिए आज प्रदेश में अपने तीन प्रत्याशियों के नामों का ऐलान कर दिया है। जिसमें दुर्ग, रायपुर और कोरबा की सीटें शामिल है। राजधानी रायपुर से ममता रानी साहू, कोरबा से दुजराम बौद्ध और दुर्ग से दिलीप कुमार रामटेके को प्रत्याशी बनाया गया है। कोरबा से प्रत्याशीबनाए गए दुजराम बौद्ध पूर्व में पामगढ़ विधानसभा क्षेत्र से विधायक रह चुके हैं।

### प्रदेश के कई जिलों में तापमान 40 डिग्री के ऊपर, गर्मी से लोगों का हाल बेहाल

**रायपुर।** प्रदेश में तापमान 43 डिग्री के ऊपर पहुंच गया है। आने वाले दिनों में दो-तीन डिग्री पारा बढ़ने की संभावना है। छत्तीसगढ़ में सुबह से ही चिलचिलाती धूप निकली हुई है। साथ ही भीषण गर्मी पड़ रही है। हालांकि द्रोणिका के प्रभाव से प्रदेश के एक-दो जगहों पर बूंदाबांदी हुई है। वहीं राजधानी रायपुर समेत पांच जिलों का तापमान 40 डिग्री से पार हो गया है। प्रदेश में सर्वाधिक अधिकतम तापमान 43.2 डिग्री सेल्सियस तिल्दा में दर्ज किया गया है। वहीं सबसे कम न्यूनतम तापमान 21.1 डिग्री सेल्सियस नारायणपुर में दर्ज किया गया है। राजधानी रायपुर में 41, माना एरपोर्ट में 40.4, बिलासपुर में 41, जगदलपुर में 40.6, राजनांदगांव में 41.5 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान दर्ज की गया है।

# जमीन से आसमान तक पुख्ता इंतजाम

## नक्सलगढ़ में कल पहले चरण का मतदान, सुरक्षित मतदान के लिए पूरी हुई तैयारियां

श्रीकंचनपथ न्यूज़ डेस्क

**रायपुर।** पहले चरण में छत्तीसगढ़ की इकलौती बस्तर लोकसभा सीट पर कल यानी शुक्रवार को मतदान होने जा रहा है। सुरक्षित मतदान के लिहाज से जमीन से लेकर आसमान तक पुख्ता इंतजामात किए गए हैं। चुनाव आयोग ने भी अपनी तैयारियां पूरी कर ली है। बड़ी संख्या में अर्द्धसैनिक बलों की टुकड़ियां तैनात की गई है, वहीं शत प्रतिशत मतदान के लिए लोगोंको जागरूक भी किया जा रहा है। इस सीट पर कुल 11 उम्मीदवार मैदान में हैं, हालांकि मुख्य मुकाबला इस बार भी भाजपा व कांग्रेस के बीच ही होने की संभावना है। सालों से बस्तर बम और बारुद के धमाकों से गूंजरा रहा है। नक्सलगढ़ होने के चलते बस्तर आज भी विकास की राह से दूर खड़ा है। चुनाव मैदान में इस बार विकास, रोजगार, नक्सलवाद, सरकारी योजनाओं का लाभ ये तमाम वो बड़े मुद्दे हैं जिनपर मतदान होगा। युवा जहां बस्तर के विकास और खुद के रोजगार के लिए वोट डालेगा तो महिलाएं खुद को सशक्त बनाने के लिए वोट करेंगी।

नक्सल प्रभावित लोकसभा सीट बस्तर पर पहले चरण में मतदान शुक्रवार को होगा। मतदान को लेकर सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है। बस्तर में सुरक्षित मतदान कराने के लिए चुनाव आयोग पूरी तरह से तैयार है। सुरक्षा के लिहाज से अर्धसैनिक बलों की बड़ी टुकड़ियों की तैनाती की गई है। मतदान से पहले केंद्रीय चुनाव आयोग ने शत प्रतिशत मतदान के लिए लोगों को जागरुक करने का अभियान भी चलाया है। मतदान से 48 घंटे पहले बुधवार की शाम को चुनाव प्रचार थमा तो प्रत्याशियों ने डोर टू डोर अभियान छेड़ दिया। यह आज भी सारा दिन जारी रहा। चुनाव आयोग प्रचार पर नजर रखने के लिए बाकायदा प्रत्याशियों के कैंपेन की रिकार्डिंग भी करवा रहा है। इसके अलावा वोट प्रतिशत बढ़ाने के लिए कई तरह के अभियान स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा भी चलाए जा रहे हैं। मतदाताओं को उनके मत की कीमत भी बताई जा रही है।



### संवेदनशील केंद्रों की निगरानी

बस्तर लोकसभा सीट पर इस बार 14 लाख 72 हजार मतदाता अपने वोट डालेंगे। मतदान के लिए 1961 केंद्र बनाए गए हैं। संवेदनशील मतदान केन्द्रों में हेलीकाप्टर के जरिए मतदान दलों को पहुंचाया गया है। बस्तर लोकसभा क्षेत्र का बड़ा हिस्सा नक्सल प्रभावित इलाकों में शुमार है। लिहाजा संवेदनशील मतदान केंद्रों पर बड़ी संख्या में जवानों की तैनाती की गई है। दंतेवाड़ा के नक्सल प्रभावित बुरगुम पोटाली और नीलावया में मतदान दलों को हेलीकॉप्टर की मदद से पहुंचाया गया। दंतेवाड़ा के नक्सल प्रभावित इलाकों में सीआरपीएफ, डीआरजी और दंतेश्वरी फाइटर्स के जवानों की तैनाती की जा रही है। मतदान से 48 घंटे पहले ही दुर्गम इलाकों में मतदान दलों को पहुंचा दिया है। 22 मतदान दलों की टीम को बुरगुम और पोटाली में भेजा गया है। रिटर्निंग ऑफिसर जयंत नाटा के मुताबिक, मतदान केंद्र की सुरक्षा के लिए अतिरिक्त जवानों की तैनाती की गई है। दंतेवाड़ा के अलावा बीजापुर, सुकमा और बस्तर के दूसरे इलाके में मतदान दलों को हेलीकॉप्टर से भेजा गया है।

### आदिवासी और महिला निर्णायक

बस्तर लोकसभा सीट पर कुल मतदाता 14 लाख 66 हजार 337 हैं। पुरुष मतदाताओं की संख्या 6 लाख 98 हजार 197 व महिला वोटरों की संख्या 7 लाख 68 हजार 88 है। थर्ड जेंडर के यहां 52 वोटर भी चुनाव आयोग के आंकड़ों में रजिस्टर्ड हैं। बस्तर लोकसभा सीट पर मतदान के लिए इस बार चुनाव आयोग ने 1957 मतदान केंद्र बनाए हैं। इन मतदान केंद्रों में 97 संगवारी मतदान केंद्र, 08 दिव्यांग मतदान केंद्र हैं। वहीं शिफ्टिंग मतदान केंद्रों की संख्या 234 है। क्षेत्र में बारूद बनाम विकास की लड़ाई इस बार देखने को मिल रही है। बस्तर में कुल 8 विधानसभा की सीटें आती है। यह सभी सीटें नक्सल प्रभावित हैं और विकास की बाट जोह रही हैं। भाजपा ने जहां जल, जंगलऔर जमीन के साथ ही रोजगार पर फोकस किया है, वहीं कांग्रेस अपनी पांच न्याय गारंटी के भरोसे है। इस बार के चुनाव में रोजगार एक बड़ा और प्रमुख मुद्दा रहा है, ऐसे में युवाओं के वोटों से भी रूख काफी कुछ तय होगा। वैसे, धर्मांतरण और रावघाट रेल लाइन को भी मुद्दा बनाया गया है।

### बेखौफ मतदान के लिए फ्लैगमार्च

बस्तर लोकसभा सीट नक्सल प्रभावित होने के चलते इलाके में सालों से विकास के काम अटकते रहे हैं। विकास नहीं होने के चलते बस्तर क्षेत्र लगातार पिछड़ता रहा है। लोकसभा चुनाव 2024 में बस्तर के लोगों को भी उम्मीद है कि इस बार वो अपने वोट से विकास की राह पर आगे बढ़ेंगे। नक्सल प्रभावित इलाकों में वोटरों में सुरक्षा की भावना जगाने के लिए जवानों ने फ्लैग मार्च किया। फ्लैग मार्च के जरिए जवानों ने नागरिकों को संदेश दिया कि वो बिना डरे घर से निकलें और अपना वोट डालें। नक्सल प्रभावित इलाकों में सुरक्षा के दृष्टिकोण से बड़ी संख्या में अर्धसैनिक बलों की तैनाती की गई है। जंगलों के बीच बसे इलाकों में सुरक्षित मतदान और नक्सलियों पर नजर रखने के लिए ड्रोन कैमरों की मदद ली जा रही है। संवेदनशील इलाकों और मतदान स्थलों के पास जवानों का सर्चिंग अभियान भी तेज कर दिया गया है। मतदान दलों को कुछ जगहों पर हेलीकॉप्टर की मदद से पहुंचाया गया है। चुनाव आयोग ने साफकिया है कि हर हाल में सुरक्षित मतदान होगा। हिंसा और हंगामा करने वालों से सख्ती से निपटा जाएगा।

# नहीं होगा प्रमोशन में आरक्षण

श्रीकंचनपथ न्यूज़ डेस्क

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने प्रमोशन में आरक्षण पर बड़ा फैसला सुनाते हुए 2019 में जारी राज्य सरकार के आदेश को निरस्त कर दिया है। इससे पहले कोर्ट ने राज्य द्वारा प्रमोशन में आरक्षण के लिए जारी अधिसूचना पर रोक लगाई थी। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा, जस्टिस रविन्द्र कुमार अग्रवाल की बेंच ने फैसला देते हुए याचिका निराकृत कर दी है। कोर्ट ने फैसले में कहा कि पूर्ववर्ती सरकार ने आदेश को लागू करने में सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ के निर्देशों और संवैधानिक प्रावधान का पालन नहीं किया। सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में स्पष्ट कहा है कि प्रमोशन में आरक्षण देने के लिए हर विभाग से जातिगत डाटा एकत्रित कर केवल जिन्हें जरूरत है, उन्हीं एससी-एसटी कर्मचारियों को इसका लाभ दिया जाना चाहिए। जबकि डाटा कलेक्ट करने का काम पूर्ववर्ती सरकार ने नहीं किया था।



**हाईकोर्ट का बड़ा फैसला**
**शासन के 2019 के आदेश को किया निरस्त**

गौरतलब है कि पूर्व में याचिका पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने राज्य शासन की इस अधिसूचना पर रोक लगा दी थी। सुनवाई के दौरान 2 दिसंबर 2019 को शासन की तरफसे तत्कालीन महाधिवक्ता सतीशचंद्र वर्मा ने अधिसूचना तैयार करने में गलती होना स्वीकार किया था। इस गलती को सुधारने के लिए कोर्ट ने एक सप्ताह का समय दिया था। इस पर कोई खास अमल नहीं होने पर तत्कालीन चीफजस्टिस की खंडपीठ ने अधिसूचना पर रोक लगा दी थी। साथ ही सरकार को नियमानुसार दो माह में फिर से नियम बनाने के आदेश दिए थे। कोर्ट ने आरक्षण पर लगी रोक के आदेश में संशोधन या फिर उसे रद्द करने की मांग भी खारिज कर दी थी।

प्रमोशन में आरक्षण को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने फैसला दिया है कि राज्य एससी और एसटी कर्मचारियों को प्रमोशन में रिजर्वेशन देने से पहले क्वॉन्टेटिव (मात्रात्मक) डाटा जुटाने के लिए बाध्य हैं। बिना आंकड़े के नौकरियों में प्रमोशन में रिजर्वेशन नहीं दिया जा सकता है। इसके साथ ही कोर्ट ने कहा था कि प्रमोशन में रिजर्वेशन देने से पहले राज्य सरकारों को आंकड़ों के जरिए ये साबित करना होगा कि एससी-एसटी का प्रतिनिधित्व कम है। वहीं इस मामले पर समीक्षा अवधि केंद्र सरकार की ओर से निर्धारित की जानी चाहिए।

इससे पहले, शीर्ष अदालत ने कहा था कि वह एससी और एसटी को पदोन्नति में आरक्षण देने के अपने फैसले को फिर से नहीं खोलेगा क्योंकि यह राज्यों को तय करना है कि वे इसे कैसे लागू करते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा था कि 2006 के नागराज और 2018 के जरनैल सिंह मामले में संविधान पीठ के फैसले के बाद सुप्रीम कोर्ट कोई नया पैमाना नहीं बना सकती। प्रमोशन में आरक्षण से पहले उच्च पदों पर प्रतिनिधित्व के आंकड़े जुटाना बहुत आवश्यक है। हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने पाया कि राज्य शासन ने सुप्रीम कोर्ट के उक्त निर्देशों का पालन नहीं किया, साथ ही संविधान के अनुच्छेद 16 (4 ए) और (4 बी) के तहत निहित प्रावधानों का पालन भी नहीं हुआ।

### अनाथालय के बच्चे चोरी करते पकड़ाए

**अंबिकापुर।** गांधीनगर थाना क्षेत्र के राघवपुरी में संचालित अनाथ आश्रम के दो नाबालिग बच्चे दुकान में चोरी करते पकड़े गए। स्थानीय लोग दोनों नाबालिग बच्चों को पकडक़र अनाथ आश्रम लेकर पहुंचे और मामले की जानकारी जिम्मेदारों को दी। इस दौरान लोगों ने आश्रम के बाहर हंगामा भी मचाया। पिछले कई दिनों से आस-पास के क्षेत्रों में संचालित दुकानों में चोरी हो रही थी। इसी के चलते दुकान संचालकों ने सीसीटीवी कैमरे लगवाए। एक व्यापारी सतीश सोनी ने भी दुकान के बाहर कैमरा लगवाया था। बुधवार की रात को उसने अपने सीसीटीवी कैमरे से जुड़े मोबाइल में दुकान के पास कुछ संदिग्ध बच्चे दिखे। इस पर वे तत्काल अपने साथ के साथ दुकान के पास पहुंचे, जहां दो नाबालिक बच्चे पाना, पेचकस व प्लास से दुकान के एस्बेस्टस शीट को काट रहे थे। दोनों बच्चों को पकड़कर पूछताछ की गई। बाद में पुलिस को सूचित किया गया।

# कांग्रेस प्रवक्ता ने मृत नक्सलियों को बताया शहीद, भड़की भाजपा

श्रीकंचनपथ न्यूज़ डेस्क

**रायपुर।** कांकेर जिले के छोटे बैठिया जंगल के माड़ इलाके में 29 नक्सलियों के मारे जाने पर राजनीति गरमाती दिख रही है। 16 अप्रैल को नक्सलियों और सुरक्षा बलों के बीच हुई इस मुठभेड़ में कई इनामी बड़े माओवादी मारे गए थे। अब इस मामले पर कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत का अजीबोगरीब बयान आया है। उन्होंने मारे गए नक्सलियों को शहीद बताया है। इस बयान पर भड़की भाजपा ने कांग्रेस को ही कटघरे में खड़ा कर दिया है।



गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव से ऐन पहले कांकेर में नक्सलियों के साथ हुई मुठभेड़ में बड़ी संख्या में माओवादी मारे गए थे। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस मुठभेड़ को कथित तौर पर फर्जी बता दिया था। हालांकि बाद में उन्होंने अपने बयान में सुधार किया, लेकिन तब तक भाजपा को हमलावर होने का मौका मिल चुका था। उपमुख्यमंत्री व गृहमंत्री विजय शर्मा ने बघेल के बयान की कड़े शब्दों में निंदा की थी। ताजा मामले में भाजपा की प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने मृत नक्सलियों को शहीद बताकर भाजपा के हाथ में एक और मुद्दा दे दिया है। उन्होंने बयान में मुठभेड़ में मारे गए नक्सलियों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए उन्हें शहीद तक बता दिया। पुलिस-नक्सल मुठभेड़ में 29 माओवादी मारे गए थे, वहीं 3 जवान भी घायल हुए थे। हालांकि कोई जनहानि नहीं हुई है और घायल जवानों का उपचार जारी है। गृहमंत्री विजय शर्मा ने खुद घायल जवानों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना था।

इधर, सुप्रिया श्रीनेत का बयान आने के बाद भाजपा एक बार फिर कांग्रेस के प्रति हमलावर हो गई है। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने एक्स पर कांग्रेस को लपेटे में लिया और कहा कि कांग्रेस पार्टी का ये निकृष्ट बयान लोकतंत्र पर प्रहार है। उन्होंने बयान को सुरक्षा बलों के मनोबल और पराक्रम पर प्रहार बताया है। साव ने कहा कि सुप्रिया का बयान छत्तीसगढ़ और बस्तर की जनता पर प्रहार है। नक्सलियों को शहीद मानने वाली कांग्रेस ने 5 साल बस्तर में इसी मानसिकता से कार्य किया है।

# इनकी आस्था के कण-कण में राम

श्रीकंचनपथ




छत्तीसगढ़ न केवल भगवान श्रीराम का ननिहाल है बल्कि वनवास के दौरान उन्होंने एक लंबा आरसा छत्तीसगढ़ की भूमि पर बिताया था। उन दिनों यहां केवल जंगल ही थे। वनवासियों की अच्छी खासी संख्या थी। उन दिनों यात्रा का मार्ग नदी किनारे से होकर गुजरता था। इससे जल की उपलब्धता सुनिश्चित होती थी। नदियों के किनारे के वनों में भोजन मिल जाता था। सभी जीव जंतु अपनी पानी की जरूरत को पूरा करने के लिए 24 घंटे में कम से कम एक बार नदी किनारे भी आते ही थे। इस दौरान प्रभु श्रीराम का वनवासियों के साथ सम्पर्क हुआ। सदियां बीत गईं पर वनवासी समाज ने उन्हें कभी विस्मृत नहीं किया। श्रीराम ने अपने मृदु व्यवहार और परोपकारी आचरण से उनके दिल जीत लिये थे। शायद इसीलिए वनवासियों ने सोचा होगा कि राम नाम को उन्हें अपने जीवन में धारण कर लेना चाहिए। बच्चों के नाम राम को जोड़कर रखने के अलावा उन्होंने अपने नाम के आगे राम कहना शुरू कर दिया। आगे चलकर इसी को ब्रिटिश सरकार ने उनका सरनेम बना दिया। पहाड़ी कोरवा व बिरहोर के अलावा उरांव, अगरिया, नगेशिया सहित कई जनजातियों में व्यक्ति का नाम आज भी राम के बिना अधूरा है। जनजाति समुदाय का मानना है कि सभी जनजाति भगवान राम के आश्रित हैं, इसीलिए सभी राम के हैं। हालांकि उरांव, अगरिया सहित सभी जातियों के अपने अलग गोत्र भी हैं, पर इनका उल्लेख केवल शादी-ब्याह या पूजा-पाठ में ही किया जाता है। पर धर्मांतरण के बाद परिपाटी बदली। धर्मांतरित लोगों के नाम से राम हट गया। इसकी बजाय वहां गोत्र का उल्लेख होना शुरू हो गया। मिंज, एक्का, खलखो, लकड़ा यह सब उरांव जनजातियों के गौत्र हैं। जब राम की बात चली है तो रामनामी समुदाय की बात भी कर लेनी चाहिए। यह दुनिया की एकमात्र ऐसी जनजाति है जो अपने शरीर पर रामनाम का गोदना गुदवाती है। रामनामी समाज के संस्थापक परसुराम का जन्म 1870 के दशक में चारपोरा गांव में हुआ था। वह अपने माथे पर 'राम' शब्द गुदवाने वाले संभवत: पहले व्यक्ति थे। 1890 के दशक में लोग उनसे जुड़ने लगे और अपने शरीर पर राम नाम गुदवाने लगे। परसुराम उस जाति से आते थे जो महाराष्ट्र और कर्नाटक के उत्तरी भाग में चमड़े का काम करते थे। इन्हें मंदिर में प्रवेश से वंचित किया जाता था जिसकी प्रतिक्रिया के स्वरूप परसुराम ने राम नाम का टैटू गुदवाया और स्वयं को राम के हवाले कर दिया। इस सम्प्रदाय की संख्या आज एक लाख से कम रह गई है। हालांकि नई पीढ़ी अपने पूरे शरीर के बजाय अब केवल बांहों पर राम का नाम लिखवाती है। इस सम्प्रदाय के लोग न केवल शरीर पर राम का नाम गुदवाते हैं बल्कि रामनामी ही ओढ़ते हैं। श्रीराम के प्रति ऐसा समर्पण और कहीं देखने को नहीं मिलता। यह राम-नाम का ही प्रभाव है कि छत्तीसगढ़ आज भी देश का सबसे शांत प्रदेश है।



## संपादकीय

# प्रचार का पहला चरण

> देश में 102 लोकसभा क्षेत्रों में चुनाव प्रचार थम गया है, वहीं सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश में विधानसभा चुनाव के लिए जारी प्रचार भी संपन्न हो चुका है। अठारहवीं लोकसभा चुनाव में मतदान के प्रथम चरण वाले क्षेत्रों में चुनाव प्रचार थम गया है और 19 अप्रैल को 102 लोकसभा सीटों पर मतदान के साथ ही देश में 18 प्रतिशत मतदान या चुनाव संपन्न हो जाएगा। इतनी ज्यादा सीटों वाला यह सबसे बड़ा चुनावी चरण है और इसमें 10 छोटे-बड़े राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में मतदान पूरी तरह संपन्न हो जाएगा।

शुक्रवार को तमिलनाडु की सभी लोकसभा सीटों पर मतदान होना है। तमिलनाडु में विपक्षी गठबंधन मजबूत है, जबकि भाजपा पहली बार सशक्त स्थानीय प्रत्याशियों के दम पर दो-दो हाथ कर रही है। तमिल मतदाता राज्य में सत्तारूढ़ द्रमुक के नेतृत्व वाले गठबंधन को ज्यादा पसंद करते हैं या अन्नाद्रमुक के पक्ष में जाते हैं, इससे ज्यादा महत्वपूर्ण यह है कि यहां से भाजपा को कितनी सीटें मिलेंगी? यहां भाजपा के पक्ष में हवा बनाने की कोशिश करने वाले तमिलनाडु भाजपा प्रमुख के अन्नामलाई (कोयंबटूर) का भाग्य भी कल इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन में बंद हो जाएगा।

देश में लोकसभा चुनाव के साथ ही अरुणाचल प्रदेश, आंध्र प्रदेश, ओडिशा और सिक्किम में विधानसभा के लिए भी चुनाव हो रहे हैं। शुक्रवार को पहले चरण में सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश की अपनी-अपनी विधानसभाओं के लिए मतदान संपन्न हो जाएगा। उत्तराखंड की सभी पांच सीटों- टिहरी-गढ़वाल, गढ़वाल, अल्मोड़ा, नैनीताल-उधमसिंह नगर और हरिद्वार पर भी प्रचार समाप्त हो चुका है। उत्तर प्रदेश में भी खास आठ सीटों- पीलीभीत, सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना, मुरादाबाद, रामपुर में प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम में कैद हो जाएगा। इनमें से ज्यादातर सीटों पर मुकाबला बहुकोणीय है, जहां दो से ज्यादा प्रत्याशी पूरी मजबूती से जीत का दावा कर रहे हैं। इनमें से ज्यादातर सीटों पर भाजपा की मजबूती का इतिहास है, इसलिए विपक्षी दलों को पुरजोर प्रयास करना पड़ रहा है। बिहार में भी औरंगाबाद, गया, जमुई, नवादा में चुनाव प्रचार थम गया है। राजस्थान में भी पहले चरण में 12 सीटों पर मतदान होने वाला है। लगभग इन सभी क्षेत्रों में पिछली बार कमल खिला था, पर इस बार देखना है कि मतदान किस ओर जाता है? मणिपुर, पश्चिम बंगाल और जम्मू-कश्मीर में ज्यादा सावधानी की जरूरत है। छत्तीसगढ़ में भी सुरक्षा बलों को मुस्तैद रहना होगा, क्योंकि 29 नक्सली मारे गए हैं और बस्तर सीट पर मतदान है।

बहरहाल, पहले चरण में जिन नेताओं के भाग्य का फैसला हो जाएगा, उसमें सबसे प्रमुख नाम केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का है। गडकरी का नाम ऐसे मंत्रियों में शुमार रहा है, जिनका काम साफतौर पर दिखता है। गडकरी के अलावा केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू, जीतेंद्र सिंह, कांग्रेस नेता गौरव गोगोई जैसे कद्दावरों के भी भाग्य का फैसला 19 अप्रैल को हो जाएगा। बहरहाल, चुनाव खर्च की सीमा की वजह से चुनाव प्रचार विशेष रूप से बड़े शहरों में उतना नहीं दिख रहा है, जितना छोटे शहरों, कस्बों और गांवों में, पर चुनाव लड़ने वाले बहुत सक्रिय हैं और बड़े पैमाने पर धन भी खर्च हो रहा है। चुनाव आयोग बेहिसाब धन की बरामदगी कर रहा है, मतलब, एक चुनाव हमारी आंखों के सामने है और उसका एक स्याह पहलू परदे के पीछे जमीन-आसमान एक किए हुए है। बेशक, यह जागरूकता के साथ अपने भविष्य को देखने का समय है। ऐसे प्रत्याशियों का ही चयन होना चाहिए, जो प्रतिनिधि अपना कर्तव्य निभाने में कोई कसर न छोड़ते हों।

## नजरिया

# पाठ्य पुस्तकों में आर्यों का बदलने लगा इतिहास

> राष्ट्रीय शैक्षिक एवं अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् (एनसीईआर टी) की पुस्तकों में पढ़ाए जाने वाले भारत के इतिहास में आर्य अब आक्रामणकारी नहीं, बल्कि भारतीय मूल के रूप में दर्शाए गए हैं। 21 वर्ष की खींचतान और दुनियाभर में हुए अध्ययनों के बाद आखिरकार यह तय हो गया कि 'आर्य सभ्यता' भारतीय ही थी। राखीगढ़ी के उत्खनन से निकले इस सच को देश के पाठ्यक्रमों में शामिल करने का श्रेय 'राखीगढ़ी मैन' के नाम से प्रसिद्ध हुए प्राध्यापक वसंत शिंदे को जाता है। एनसीईआरटी की कक्षा 12वीं की किताबों में बदलाव किया गया है। इसमें इतिहास की पाठ्य पुस्तक में 'ईंट, मोती और हड्डियां :हड़प्पा सभ्यता' नामक पाठ में आर्यों को मूल भारतीय होना बताया है। इसके अलावा कक्षा 7, 8, 10 और 11 के इतिहास और समाजशास्त्र के पाठ्यक्रमों में भी बदलाव किया गया है।

प्रमोद भार्गव

इतिहास तथ्य और घटना के सत्य पर आधारित होता है। इसलिए इसकी साहित्य की तरह व्याख्या संभव, नहीं है। विचारधारा के चश्मे से इतिहास को देखना उसके मूल से खिलवाड़ है। परंतु अब आर्यों के भारतीय होने के संबंधी एक के बाद एक शोध आने के बाद इतिहास बदला जाने लगा है। इस सिलसिले में पहला शोध स्टेनफोर्ड विश्वविद्यालय के टॉमस कीवीशील्ड ने किया था। 2003 में 'अमेरिकन जर्नल ऑफ ह्यूमन जेनेटिक्स' में प्रकाशित इस शोध-पत्र में सबसे पुरानी जाति और जनजाति के वंशाणु (जीन) के आधार पर आर्यों के भारत का मूल निवासी बताया गया था। हालांकि वर्ष 2009 में वाराणसी हिंदू विष्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो लालजी सिंह और प्रो थंगराज ने भी आनुवांशिक परीक्षण के बाद आर्यों को मूल भारतीय बताया था। 2019 में प्रो वसंत शिंदे द्वारा राखीगढ़ी उत्खनन से मिले 4000 साल पुराने वंशाणु की जांच में सबसे बड़ा सच सामने आया। शोध में पाया गया कि राखीगढ़ी से मिला जीन वर्तमान के प्रत्येक भारतीय व्यक्ति में उपलब्ध हैं। इसके आधार पर यह तथ्य स्थापित हुआ कि भारतीय सभ्यता और संस्कृति आर्यों के द्वारा निर्मित है। एनसीआरईटी के इतिहास पाठ्यक्रम निर्धारण समिति के अध्यक्ष बनने पर प्रो शिंदे ने इस तथ्य के आधार पर पाठ्यक्रम में संषोधन कराए हैं। इसी पुस्तक में मराठा शासक छत्रपति शिवाजी के नाम के साथ छत्रपति और महाराज जोड़ा गया है। इसी तरह कक्षा 12वीं के समाजशास्त्र विशय के पाठ्यक्रम से सांप्रदायिक दंगों के चित्र हटाए गए है। इतिहास पुस्तकों में यह बदलाव सिनौली-राखीगढ़ी में हुए उत्खननों में मिले साक्ष्यों के आधार पर संभव हुआ है।

गोया, अब यह अवधारणा पलट गई है कि आर्य न तो विदेशी थे और न ही उन्होंने कभी भारत पर आक्रमण किया। अतएव आर्य भारत के मूल निवासी थे। हरियाणा के हिसार जिले के राखीगढ़ी में की गई पुरातत्वीय खुदाई में 5000 साल पुराने मिले दो मानव कंकालों के डीएनए अध्ययन के निष्कर्ष से यह धारणा सामने आई है। इन कंकालों में एक पुरुष और एक स्त्री का था। इनके कई नमूने लेकर उनका आनुवांशिक अध्ययन पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग, भारत सरकार, डेक्कन विश्व-विद्यालय पुणे, सीसीएमबी हैदराबाद और हार्वड स्कूल ऑफ मेडिसन बोस्टन यूएसए ने किया है। इस डीएनए विश्लेशण में यह भी स्पष्ट हो गया है कि आर्य और द्रविड़ मूल भातीय हैं। राखीगढ़ी हड़प्पा सभ्यता के सबसे बड़े केंद्रों में से एक है। करीब 300 एकड़ में फैले इस क्षेत्र में पुरातत्वविदों ने 2015 में उत्खनन किया था।

आर्य हमलावर के रूप में विदेश से आए होते और नरसंहार किया होता तो मानव कंकालों के शरीर पर घावों के निशान होते। भारतीय संस्कृति और भाषाएं नष्ट हो गई होतीं। ऐसा होता तो आक्रमण की बात सिद्ध होती। व्यापार व पर्यटन आदि के लिए भारत में विदेशी समय-समय पर आते रहे हैं और भारतीय भी विदेश जाते रहे हैं। इन कारणों से जीन में मिलावट होती रही हैं। साफ है, आर्य भारत के ही थे। प्रोफेसर शिंदे ने राखीगढ़ी के उत्खनन के समय बताया था कि अलग-अलग खुदाई में 106 से भी ज्यादा नर-कंकाल मिले हैं। साथ ही भिन्न आकार व आकृति के हवन-कुंड और कोयले के अवशेष मिले हैं। तय है भारत में 5000 साल पहले हवन होते थे। यहीं सरस्वती और इसकी सहायक दृश्यवंती नदी के किनारे हड़प्पा सभ्यता के निशान मिले हैं। ये लोग सरस्वती की पूजा करते थे।

ये आनुवांशिक अनुसंधान ऐतिहासिक-अवधारणाओं को बदलने के आधार बने हैं। 'आर्यों' के ऊपर 'आनुवंशिकी' आनुवांशिक के आधार पर इसके पहले भी एक शोध सामने आया है। उससे तय हुआ है कि भारतीयों की कोशिकाओं का जो आनुवंशिकी ढ़ांचा है, वह बहुत पुराना है। डीएनए के आधार पर एक महत्वपूर्ण खोज से साबित हुआ है कि भारत के बहुसंख्यक लोगों के दक्षिण भारतीय दो आदिवासी समुदाय पूर्वज हैं। मानव इतिहास के विकास क्रम में ये स्थितियां जैविक प्रक्रिया के रुप में सामने आई हैं। एक अन्य सूचना प्रौद्योगिकी तकनीक द्वार किए गए अध्ययन ने तय किया है कि भगवान श्रीकृष्ण हिन्दू मिथक और पौराणिक कथाओं के काल्पनिक पात्र न होकर एक वास्तविक चरित्र नायक थे और कुरुक्षेत्र के मैदान में हकीकत में महाभारत युद्ध लड़ा गया था।

आनुवांशिक संरचना के आधार पर हैदराबाद की संस्था 'सेंटर फॉर सेल्युलर एंड मॉलिक्यूलर बायोलॉजी' के वैज्ञानिकों द्वारा किए गए इस शोध से जो निष्कर्ष सामने आए थे, उनसे स्पष्ट हुआ था कि मूल भारतीय ही 'आर्य' थे। इस शोध का आधार भारतीयों की कोशिकाओं का आनुवंशिक ढांचा है, जिसका सिलसिलेबार अध्ययन किया गया। जिससे तय हुआ कि भारतीयों की कोशिकाओं का संरचनात्मक ढांचा पांच हजार साल से भी ज्यादा पुराना है। इस आधार पर यह कहानी एकदम निराधार साबित हो जाती है कि भारत के लोग 3.5 हजार साल पहले किसी दूसरे देश से आक्रमणकारियों के रूप में यहां आए थे। यदि आए होते तो हमारा आनुवंशिक ढांचा भी 3.5 हजार साल से ज्यादा पुराना नहीं होता। क्योंकि जब वातावरण बदलता है तो आनुवंशिक ढांचा भी बदल जाता है। इस तथ्य को इस मिसाल से समझा जा सकता है, मसलन हमारे बीच से कोई व्यक्ति आज अमेरिका या ब्रिटेन जाकर रहने लग जाए तो उसकी जो चैथी-पांचवीं पीढ़ी होगी, उसकी सवा-डेढ़ सौ साल बाद आनुवांषिक संरचना अमेरिका या ब्रिटेन निवासियों जैसी होने लग जाएगी। क्योंकि इन देशों के वातावरण का असर उसकी आनुवांशिक संरचना पर पड़ेगा।

भारतीय संस्कृति के निर्माता और वेदों के रचियता आर्य भारत के मूल निवासी थे। यदि प्राचीन भारतीय इतिहास को भारतीय दृष्टि से देखें तो आर्य भारत के ही मूल निवासी थे। पाश्चात्य इतिहास लेखकों ने पौने दो सौ साल पहले जब प्राच्य विषयों और प्राच्य विद्याओं का अध्ययन शुरु किया तो बड़ी कुटिल चतुराई से जर्मन विद्वान व इतिहासविद् मैक्समूलर ने पहली बार 'आर्य' शब्द को जाति सूचक शब्द से जोड़ दिया। वेदों का संस्कृत से जर्मनी में अनुवाद भी पहली बार मैक्समूलर ने ही किया था। ऐसा इसलिए किया गया जिससे आर्यों को अभारतीय घोषित किया जा सके। जबकि वैदिक युग में 'आर्य' और 'दस्यु' शब्द पूरे मानवीय चरित्र को दो भागों में बांटते थे। प्राचीन साहित्य में भारतीय नारी अपने पति को 'आर्य-पुरुष' अथवा 'आर्य-पुत्र' नाम से संबोधित करती थी। इससे यह साबित होता है कि आर्य श्रेष्ठ पुरुषों का संकेत-सूचक शब्द था। ऋग्वेद, रामायण, महाभारत, पुराण व अन्य संस्कृत ग्रंथों में कहीं भी आर्य शब्द का प्रयोग जातिसूचक शब्द के रुप में नहीं हुआ है। आर्य का अर्थ 'श्रेष्ठि' अथवा 'श्रेष्ठ' भी है। वैदिक युग में तो वैसे भी जाति व्यवस्था थी ही नहीं। हां, वर्ण व्यवस्था जरूर अस्तित्व में आ गई थी। इसके अलावा वेद तथा अन्य संस्कृत साहित्य में कहीं भी उल्लेख नहीं है कि आर्य भारत में बाहर से आए। यदि आर्य भारत में बाहर से आए होते तो प्राचीन विपुल संस्कृत साहित्य में अवश्य इस घटना का उल्लेख व स्पष्टीकरण होता।

ताजा शोधों का सार है कि सबसे पहले 65 हजार साल पहले अंडमान और दक्षिण भारत में लोगों का आगमन और आबादी का क्रम शुरू हुआ। इसके करीब 25 हजार साल बाद भारत में लोगों के आने का सिलसिला शुरू हुआ। इस अध्ययन दल के निदेशक डॉ. लालजी सिंह का कहना था कि हम सब भारतीय उत्तर और दक्षिण के इन आदि पुरखों की ही संताने हैं। सवर्ण-अवर्ण जातियों और आदिवासियों के आनुवंशिक गुण व लक्षण कमोबेश एक जैसे हैं। इसलिए आर्य और द्रविड़, अनार्य के परिप्रेक्ष्य में कोई विभाजित रेखा खींचने की जरूरत नहीं रह जाती ? इस अध्ययन से सामने आया है कि जब भारतीय समाज में निर्माण की प्रक्रिया शुरू हुई तब अलग-अलग कबीलों या समूहों से जातियों का उदय हुआ। फलस्वरूप अखण्ड भारत का उत्तर और दक्षिण भारत में विभाजन तो व्यर्थ है ही कबीले और जातियां भी बेमानी हैं क्योंकि सभी भारतीय समुदाय व जातियां एक ही कुटुम्ब से विकसित हुए हैं।

ये शोध भाषा, रंग और नस्ल जैसे भेद भरे विभाजक छद्म को भी नामंजूर करते हैं। दरअसल उत्तर और दक्षिण के विभाजन की बात तो अंग्रेज हुक्मरानों ने बांटों और राज करो के दृष्टिकोण के चलते की थी। उन्नीसवीं शताब्दी में योरोपीय विचारकों ने अपने वंशों के लोगों को श्रेष्ठ साबित करने के नजरिए से रंग व नस्ल के आधार पर श्रेष्ठता की अवधारणा गढ़ी। मसलन गोरा रंग श्रेष्ठ माना गया। इसी के अनुसार गोरे, गेहुएं और तांबई त्वचा वाले उत्तर भारतीय श्रेष्ठ और काले या सांवले रंग वाले दक्षिण भारतीय हेय मान लिए गए। उत्तर की भाषा संस्कृत और दक्षिण की भाषाओं को भिन्न परिवारों में रखा गया। जबकि इन सभी भाषाओं की जननी संस्कृत रही है।

गंगा घाटी से आयरलैंड तक की भाषाएं एक ही आर्य परिवार की आर्य भाषाएं हैं। इसी कारण इन भाषाओं में लिपि एवं उच्चारण की भिन्नता होने के बावजूद अपभ्रंशी समरूपता है और इन भाषाओं का उद्गम स्त्रोत संस्कृत है। इससे भी यह निश्चित होता है कि आदिकाल में एक ही परिवार की आर्य भाषाएं बोलने व लिखने वाले पूर्वज कहीं एक ही स्थान पर रहे हैं। बंगाली इतिहासकार एसी दास इस स्थान अथवा मूल भारतीयों का निवास स्थल 'सप्त सिंधु' मानते हैं जो पंजाब में था। अब आर्यों के मूल भारतीय होने की अवधारणा को मान्यता मिल रही हैं। तब इतिहास के इस तथ्य के बदलाव को केवल शालेय पुस्तकों में परिवर्तन तक सीमित न रखते हुए उच्च शिक्षा में भी बदलाव किए जाने जरूरी हैं। अतएव नए शोधों से आए परिणाम की इस सैद्धांतिकी को स्वीकारा जाना चाहिए।

**(लेखक, साहित्यकार व वरिष्ठ पत्रकार हैं।)**

# श्रीरामचरितमानस की सचित्र प्रति का डिजिटल अवतार

सिद्धार्थ पई,
वित्त विशेषज्ञ अर्थशास्त्री

कलाकृतियों के संसार में प्रौद्योगिकी का उपयोग शक्तिशाली उपकरण के रूप में किया जा सकता है। हाल ही में बेंगलुरु के म्यूजियम ऑफ आर्ट ऐंड फोटोग्राफी (एमएपी) में मैंने वाराणसी के एक मौलिक श्रीरामचरितमानस के लुभावने पुनरोद्धार के दर्शन किए हैं। यह एमएपी एक पुराने मित्र अभिषेक पोद्दार के दिमाग की उपज है, जिन्होंने अपनी सारी कलाकृति दान कर दी थी और बड़े प्रेम व परिश्रम से इस संग्रहालय का निर्माण किया। मैं उनके काम से इतना प्रभावित हुआ कि मैंने पोद्दार से पूछा कि क्या मैं एमएपी के मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी (सीटीओ) से मिल सकता हूं, जिन्होंने तकनीकी रूप से मानस की विशेष प्रति के पुनर्रोद्धार का काम किया है? सीटीओ मयंक मनीष ने मुझे समय दिया। उन्होंने और उनके साथी राघव कुमार ने मुझे बताया कि उनकी टीम ने क्या कारनामा किया है।

हम सब जानते हैं कि श्रीरामचरितमानस की उत्पत्ति सांस्कृतिक रूप से समृद्ध शहर वाराणसी में हुई थी और इसे सचित्र श्रीरामचरितमानस के रूप में भी जाना जाता है। वाल्मीकि द्वारा मूल संस्कृत महाकाव्य और कंबन की तमिल रचना के बाद संत कवि गोस्वामी तुलसीदास ने जन-जन तक पहुंचने के लिए स्थानीय भाषा में श्रीरामचरितमानस की रचना की। उनका संस्करण 16वीं सदी का महाकाव्य है। वाल्मिकि और कंबन के महाकाव्यों की तरह यह भी भगवान राम की कथा का बखान है, जो उनके प्रयोगों, विजय और नैतिक शिक्षाओं पर केंद्रित है। श्रीरामचरितमानस की जिस प्रति का जीर्णोद्धार या पुनर्रोद्धार किया गया है, वह विशेष वाराणसी संस्करण तुलसीदास की मूल कृति की एक अलंकृत प्रति है, जिसमें उनके कालजयी पदों के साथ लगभग 1,000 पृष्ठों की प्रस्तुति है। तुलसीदास की रचना तो अद्भुत है ही, उसके साथ चित्रों का समावेश कला और साहित्य का सुंदर मेल है। इसमें प्रत्येक दृश्य अपने आप में उत्कृष्ट कृति हैं, ये दृश्य उत्कृष्ट शिल्प कौशल के साथ रामकथा के एक-एक महत्वपूर्ण क्षण को दर्शाते हैं।

हालांकि, इसके महत्व के बावजूद, मूल सचित्र संस्करण के कई पृष्ठों का भाग्य रहस्यमय रहा है। कई ऐतिहासिक कलाकृतियों की तरह इस ग्रंथ के पन्ने भी उपेक्षा, क्षय और क्षति के शिकार हुए हैं। अचरज की बात नहीं कि इसके अनेक पन्नों की लूट हुई है। अनेक संग्रहकर्ताओं को ये पन्ने समय-समय पर चोरी-छिपे बेचे गए हैं। जब एमएपी ने इस ग्रंथ के पुनर्रोद्धार का काम शुरू किया, तब उसे केवल 70 या 80 पृष्ठ ही उपलब्ध हुए। यह क्षति कला प्रदर्शनियों के संदर्भ में विशेष रूप से मार्मिक है, अनेक चीजें हैं, जो खो गईं, केवल कहानियों में बची हैं। खुशी की बात है, डिजिटलीकरण, आभासी वास्तविकता और एआई में हुई प्रगति ने कला व कलाकृतियों के साथ हमारे संवाद के तरीके में क्रांति ला दी है। डिजिटल उपकरण हमें खोई हुई कला तक पहुंचा दे रहे हैं। खोई हुई कृतियों की रचना और संरक्षण में भी सफल हो रहे हैं। यहां एमएपी की टीम भाग्यशाली थी कि 20वीं शताब्दी की शुरुआत में एक अमेरिकी टीम ने विशेष श्रीरामचरितमानस के पन्नों का फोटोग्राफिक रिकॉर्ड (श्वेत-श्याम) बना लिया था, यह रिकॉर्ड एमएपी को उपलब्ध करा दिया गया। संग्रहकर्ताओं ने भी कुछ पन्ने लौटाए हैं। इससे इस विशेष ग्रंथ के पृष्ठों के बहुत उच्च गुणवत्ता वाले चित्र संभव हुए, जिन्हें अब बहुत सहजता से देखा जा सकता है। यहां एआई ने भी अपना कमाल दिखाया। खराब हो चुके या खोए हुए पृष्ठों को भी एआई के माध्यम से बना लिया गया। अब अमेरिका से जो श्वेत-श्याम चित्र प्राप्त हुए हैं, उन्हें भी मूल प्रति के अनुरूप सहजता से रंगीन बनाया जा सकता है। अब इस विशेष ग्रंथ का डिजिटल अवतार किसी एक प्रदर्शनी की नहीं, दुनिया की किसी भी प्रदर्शनी की शोभा बढ़ा सकता है। यह सफलता एक उदाहरण है कि हम तकनीक की मदद से अपनी कलाओं का संरक्षण कैसे कर सकते हैं। हम खोई हुई उत्कृष्ट कृतियों में नई जान जान फूंक सकते हैं और यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि भावी पीढ़ियों का कलाओं के प्रति आकर्षण बना रहे। नई पीढ़ी सहयोग, नवाचार और अतीत के प्रति गहरे लगाव से अपनी कलात्मक धरोहर को संजोए रखेगी।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

# जन-गण-मन के अधिनायक राम

> किसी भी परिस्थिति में भगवान राम असत्य नहीं बोलते हैं। सत्य के बल से असत्य पर विजय प्राप्त करने का प्रयास करते हैं। वे विजयी हैं। वे कभी भी पलायन नहीं करते हैं।
>
> आपदां अपहर्तारं दातारं सर्वसंपदाम।
> लोकाभिरामं श्रीरामं भूयो भूयो नमाम्यहम॥

स्वामी श्रीराम भद्रचार्य, प्रसिद्ध धर्मगुरु

जहां आज का वैश्विक परिप्रेक्ष्य भौतिकतावाद की विभीषिका से जूझ रहा है, जहां आज एक भाई दूसरे भाई के रक्त से तर्पण के लिए पिपासु हो रहा है, जहां आज छोटी-छोटी बातों के लिए झगड़े होते जा रहे हैं, जहां एक देश दूसरे देश पर उसी प्रकार आक्रामक हो रहे हैं, जैसे कोई बिल्ली शीही को निगलने के लिए आक्रामक होती है। ऐसी परिस्थिति में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान रामजी आज जितने प्रासंगिक हो गए हैं, उतने पहले कभी नहीं थे। महाकवि गोस्वामी तुलसीदासजी ने कहा, तामस बहुत रजोगुन थोरा, कलि प्रभाउ बिरोध चहुंओरा। अर्थात, आज चारों ओर विरोध है और इस विरोध को समाप्त करने के लिए यदि कोई निर्विरोध है, तो वह भगवान श्रीराम का व्यक्तित्व है। उनका किसी से कोई विरोध नहीं है- उमा जे राम चरन रत, बिगत काम, मद, क्रोध। निज प्रभुमय देखहिं जगत, केहि सन करहिं बिरोध। स्वयं मां कौशल्या कहती हैं- राघव सुतहीं करौ अनुरोधु, धर्म जाइ अरु बंधु बिरोधु।

आज जैसे भयानक वातावरण में भगवान राम की बहुत अधिक आवश्यकता भी है और उपयोगिता भी। इस भय के वातावरण में यदि कोई अभय दे सकता है, तो वह भगवान श्रीराम ही हैं। आदिकवि वाल्मीकि कृत रामायण के युद्धकाण्ड के 18वें सर्ग के 33वें श्लोक में भगवान राम प्रपन्न को अभय देने की प्रतिज्ञा करते हैं, सकृदृएवप्रपन्नाय तव अस्मिइति चयाचते। अभयम् सर्व भूतेभ्यो ददामि एतद् व्रतम् मम।। अपने प्रपन्न को भगवान राम त्रिलोक में सबसे अभयदान दे देते हैं। इसलिए यदि किसी को भयमुक्त शांत गगन में जीना है, तो उसे दयानिधान श्रीराम की शरण लेनी ही पड़ेगी, क्योंकि वह अभय के आश्रय हैं।

एक ओर, जहां देश की सीमाओं की चर्चा आती है, कुछ लोग हमारी सीमाओं को सीमित करने में लगे हैं, तो कुछ देश संकीर्णताओं में उलझे हुए हैं। ऐसी परिस्थिति में यदि भगवान राम के व्यक्तित्व को देखा जाए, तो उन्होंने पूरे विश्व को अपने राज्य की सीमा माना है, भूमि सप्तसागर मेखला। एक भूप रघुपति कोसला॥ भगवान राम अनुभव और परंपरा को बहुत महत्व देते हैं- अभिवादनशीलस्य नित्यं वृद्धोपसेविन:। चत्वारि तस्य वर्धन्ते आयुर्विद्या यशो बलम।। इसलिए सभी मनुष्य उनसे आयु, विद्या, यश और बल का आशीर्वाद पाते हैं। सत्तेन लोका न जयति अर्थात उनके समक्ष जीतने के लिए कुछ शेष बचा ही नहीं, क्योंकि- सत्येन लोकान्जयति, द्विजान् दानेन राघव:। गुरून्छुश्रूषया वीरो धनुषायुधिशास्त्रवान् अर्थात् भगवान राम सत्य से लोक को जीतते हैं, दान से ब्राह्मणों को जीतते हैं, सेवा से गुरुजनों को प्रसन्न करते हैं और एक ही धनुष से संपूर्ण शत्रुओं को जीत लेते हैं।

गोस्वामी तुलसीदासजी के राम एक स्वाभिमानी, कर्तव्यपरायण, सत्यनिष्ठ, चरित्रवान, उदार और शौर्यसंपन्न व्यक्तित्व हैं। वह कहते हैं- कहउं सुभाउ न कुलहि प्रसंसी। कालहु डरहिं न रन रघुबंसी। किसी भी परिस्थिति में भगवान राम असत्य नहीं बोलते हैं। राम निरंतर सत्य से असत्य पर विजय प्राप्त करने का ही प्रयास करते रहते हैं। राम विजयी हैं, पराजयी नहीं, वह कहीं भी कभी भी पलायन नहीं करते, इसलिए उनके लिए विजय मंत्र में कहा जाता है - श्री राम जय राम जय जय राम। हे श्रीराम! आप हमारे काम को जीतिए। जय राम, आप हमारे क्रोध को जीतिए। जय राम, आप हमारे लोभ को जीतिए। आपकी कृपा से मैं समग्र विजय को प्राप्त कर सकूं। संपूर्ण भारत के प्रति जो राष्ट्रवाद का एक नवीन आरोप प्रस्तुत हुआ है। वह भगवान राम की ही देन है। युद्ध में संपूर्ण धरातल के मानदंड को यदि देखा जाए, मैं तो यही कहूंगा, यदि इस लोक में पुरुष के सार का एकमात्र वेत्ता प्रकट हुआ है, तो उसका नाम है भगवान राम। यदि हम राम शब्द की व्युत्पत्ति ही करें, तो स्पष्ट हो जाता है, राति मंगलम इति राम:, जो सर्वत्र मंगल देता रहता है, उसी को राम कहते हैं।

मैं तो अपने राष्ट्रगान में भी रामगान ही देखता हूं। राष्ट्रगान की यदि सामान्य व्याख्या की जाए, तो लगता है कि यहां अधिनायकवाद आ कैसे गया? क्योंकि अब तो अधिनायकवाद चला गया है। फिर जन-गण-मन अधिनायक जय कैसे कहा गया? कुछ लोगों ने कहा महाकवि रवींद्रनाथ टैगोर ने अंग्रेज शासक जॉर्ज पंचम की प्रशंसा में यह गीत लिखा था, बाद में उसी को राष्ट्रगान मान लिया गया। मैं कहता हूं, यह गीत भगवान राम को समर्पित है। जन-गण-मन के अधिनायक भगवान राम हैं। भगवान राम ही भारत भाग्य के विधाता हैं। पंजाब, सिंध, गुजरात, मराठा, द्राविड, उत्कल, बंग, विंध्य-हिमाचल, यमुना, गंगा और सागरों की उछलती लहरें-तरंगें, ये सब भगवान राम के नाम से जग रही हैं। ये भगवान राम से आशीर्वाद मांग रही हैं। संपूर्ण भारत भगवान राम के जय की गाथा गा रहा है। भगवान राम ही जन-गण के मंगलदाता और भारत के भाग्य विधाता हैं। यहां सात बार जय कहने का तात्पर्य यह है कि रामजी सातों काण्ड में विजयी हो रहे हैं और सात समुद्र पर विजय का डंका बजा रहे हैं।

हमारे रामजी अवतार भी हैं और अवतारी भी। साकेत लोक में वह अवतारी हैं और अवध में अवतार हैं। यह भी पूर्ण हैं और वह भी पूर्ण हैं। साकेत वाले साकेत विहारी रामजी भी पूर्ण हैं और अवध वाले अवध विहारी रामजी भी पूर्ण हैं। अवतारी की अपेक्षा अवतार ज्यादा सुंदर लगता है। साकेत विहारी रामजी के अपेक्षा श्री अवध विहारी रामजी ज्यादा सुंदर लगते हैं। ऐसा क्यों होता है, इसे समझने की जरूरत है। साकेत विहारी रामचंद्र जी पिता हैं और अवध विहारी रामचंद्र जी पुत्र हैं, बालक हैं। साकेत वाले रामजी सबको गोद में लेते हैं और अवध वाले रामजी सबकी गोद में जाते हैं। श्रीरामचरितमानस में चौपाई है- बहुं उछंग कबहुं बर पलना। मातु दुलारइ कहि प्रिय ललना।। साकेत वाले रामजी पालने में नहीं झूलते। अवध वाले झूलते हैं। यहां यह ध्यान रहे, साकेत लोक जाने की सबको अनुमति नहीं है, साकेत वाले रामजी को पाना कठिन है, पर हमारे अवध वाले रामजी सबको सुलभ हैं, वह सभी पर अपनी कृपा की वर्षा कर रहे हैं। रामनवमी के मंगलमय पर्व पर मैं यही कहूंगा कि यदि इस देश को विकसित भारत बनना है, यदि अखंड संप्रभुतासंपन्न भारत बनाना है, तो इस देश को राम-सापेक्ष राष्ट्रवाद को अपनाना पड़ेगा।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

# आतंकवाद के प्रति सटीक और तत्काल निर्णय जरूरी



पाकिस्तान समेत अन्य देशों में मारे गए आतंकवादियों के पीछे भारत का हाथ होने वाली ब्रिटिश अखबार 'गार्जियन' में छपी खबरों का भी उन्होंने तीव्र प्रतिकार करते हुए इन खबरों का तीव्र खंडन किया। ऐसा पहली बार नहीं है, जब विदेश मंत्री जयशंकर ने अपनी बात सख्ती से दोटूक अंदाज में रखी। विश्व पटल पर भारत की छवि मोदी सरकार ने लगातार बदली है। यह कहना कि आतंकवादी किसी नियम से नहीं चलते, उन्हें जवाब भी वैसे ही मुंहतोड़ तरीके दिया जाना चाहिए।

राष्ट्रीय हितों का पालन करते हुए भारत दुनिया के तमाम देशों के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध बनाए रखने तथा मानवाधिकारों का सम्मान और बहुपक्षवाद पर केंद्रित रहता है। आज भारत के लिए हालात इतने साजगार हो चुके हैं कि तमाम चुनौतियों के बावजूद वैश्विक अगुवा बने रहने और दुनिया को प्रभावित करने वाले मुद्दों पर अपनी स्पष्ट राय रखने में भारत हिचकता नहीं। नि:संदेह हम उभरती हुई अर्थव्यवस्था हैं, इसलिए विदेशी निवेश, संयुक्त उद्यम और निर्यात के क्षेत्र में भारत की अर्थव्यवस्था प्रदर्शन बेहतर नजर आ रहा है।

ऐसे में सीमापार से होने वाले आतंकवादी उपद्रव को लेकर यदि कड़ाई नहीं बरती जाती है तो न केवल भारत की छवि धूमिल होती है, बल्कि आतंकवाद के प्रति सटीक और तत्काल निर्णय न लेने के कारण देश की अखंडता और शांति भी खंडित होती है जिसे बनाए रखना सरकार की महती जिम्मेदारी है।

भारत सीमापार से होने वाले किसी भी आतंकवादी कृत्य का जवाब देने के लिए प्रतिबद्ध है।विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने यह प्रतिबद्धता दोहराई है। विदेश मंत्री शुक्रवार को 'यह भारत क्यों मायने रखता है- युवाओं के लिए अवसर और वैश्विक परिदृश्य में भागीदारी' विषय पर बोल रहे थे। 2008 में हुए मुंबई हमलों का जवाब देने को लेकर संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन यानी संप्रग सरकार पर निशाना साधने हुए उन्होंने कहा कि काफी चर्चा के बावजूद कोई सार्थक परिणाम नहीं निकला। उन्होंने माना पाकिस्तान पर हमला करने की कीमत उस पर हमला न करने से अधिक होगी।

2014 में आतंकवाद की शुरुआत नहीं हुई, यह मुंबई हमले के साथ नहीं हुई, बल्कि यह 1947 में हो चुकी थी। उन्होंने कश्मीर हमले को आतंकवादी कृत्य माना। शिवशंकर ने कहा कि वे गांव और शहर जला रहे थे, लोगों की नृशंस हत्या कर रहे थे। 2014 के बाद भारत की विदेश नीति में आए बदलावों को लेकर उन्होंने स्पष्ट किया कि जिस देश से संबंध बनाए रखना मुश्किल है, वह है पाकिस्तान है।

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान
विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z
CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)


रमन (प्रा.) आई.टी.आई.
Recognised by: NCVT & DGT NEW DELHI, GOVT. OF INDIA
COPA
कोपा
STENOGRAPHER (Hindi)
स्टेनोग्राफर (हिन्दी)
योग्यता 10वीं उत्तीर्ण
(एक वर्षीय पाठ्यक्रम) - प्रवेश प्रारंभ
प्रवेश लेने पर फीस में विशेष छूट
एवं फीस मासिक किस्तों में
शासन द्वारा प्रदत्त छात्रवृत्ति योजना
Raman I.T.I. : बाबा दीप सिंह नगर (वैशालीनगर), भिलाई, जिला-दुर्ग, छ.ग.
Call : 0788-4033571, 7389471941, 0788-4903573 4903572, 7773027492



# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़



इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM




## खास खबर

### होम वोटिंग के लिए मतदान अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

**राजनांदगांव।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 में 85 वर्ष से अधिक आयु वाले बुजुर्ग तथा 40 प्रतिशत या इससे अधिक दिव्यांगता वाले मतदाताओं को घर में जाकर मतदान कराने के लिए आज मतदान अधिकारियों को जिला पंचायत के सभाकक्ष में प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर इंदिरा नवीन प्रताप सिंह, उप जिला निर्वाचन अधिकारी खेमलाल वर्मा उपस्थित थे। अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय ने बताया कि जिले में कुल 212 लोगों से आवेदन प्राप्त हुआ है। जिनके मतदान के लिए 17 मतदान दलों की नियुक्ति की गई है। उन्होंने बताया कि मतदान दलों द्वारा प्रारूप 12 घ में आवेदन पत्र प्रस्तुत करने वाले 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग एवं दिव्यांग श्रेणी के मतदाताओं के घर पर जाकर 18 एवं 19 अप्रैल 2024 को सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक होम वोटिंग कराई जाएगी। प्रत्येक दल में पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी क्रमांक 1, माइक्रोऑब्जर्वर, पुलिस कर्मी एवं वीडियोग्राफर होंगे। 18 अप्रैल को होम वोटिंग कराने के लिए मतदान दल सुबह 8 बजे रवाना होगी। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स ने बताया गया कि मतदान दल चिन्हांकित मतदाताओं के घर जाकर पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान कराएंगे। इसके लिए सबसे पहले मतदाता का परिचय पत्र एपिक कार्ड या अन्य वैकल्पिक दस्तावेज के द्वारा पहचान सुनिश्चित किया जाएगा। इसके बाद मतदाता को मतदान की प्रक्रिया की जानकारी दी जाएगी। मतदाता की बायीं तर्जनी में अमिट स्याही लगायी जाएगी तथा अनुलग्नक दो में उसका हस्ताक्षर भी लिया जाएगा।

### 7 मई को मतदान का नेवता पहुंच रहा द्वार-द्वार

**रायगढ़।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल के निर्देशन एवं सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में जिले में वृहद स्तर पर मतदाता जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा हैं। जिले के मतदाताओं को लोक सभा निर्वाचन-2024 अंतर्गत आगामी 7 मई को शत-प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। जिला प्रशासन का 'नेवता तुहर द्वार' के तहत जिले के सभी सातों विकासखण्ड की ग्रामीण महिलाए तख्ती, स्लेट में लिखें स्लोगन के साथ लोगों के घर घर पहुंच कर 7 मई को होने वाले मतदान में शत-प्रतिशत मतदान करने नेवता लेकर पहुंच रही है। साथ ही उन्हें अपने अमूल्य वोट का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। महिलाएं आगामी दिनों में जिले के सभी घरों में नेवता लेकर पहुंचने और प्रोत्साहित करने के लक्ष्य के साथ कार्य कर रही है। उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन द्वारा जिले में मतदाताओं को जागरुक करने विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके है। जिसके अंतर्गत गत दिवस कलेक्टर गोयल ने तमनार के बिरहोर बस्ती स्वयं नेवता लेकर पहुंचे थे, इसी तरह नगरीय निकाय के पार्क, कॉलेज एवं सार्वजनिक स्थलों में भी मतदाताओं को जागरूक करने के लिए शपथ, रंगोली, रैली जैसे विभिन्न कार्यक्रम का लगातार आयोजन किया जा रहा है। जिसमें सभी वर्ग के लोग स्वस्फूर्त भाग लेकर अपने मत का उपयोग करने की शपथ ले रहे है। कलेक्टर गोयल के निर्देश पर मतदाता जागरुकता कार्यक्रम अंतर्गत जिला प्रशासन के अधिकारी एमएसपी उद्योग पहुंचे एवं उद्योग कर्मियों को रैली के माध्यम से मतदान के लिए जागरुक किया। यहां इंडस्ट्रियल कैप्टन बनाए गए हैं।

# तीन करोड़ लोगों को अगले पांच वर्षों में मिलेगा अपना पक्का मकान : विजय शर्मा

श्रीकंचनपथ न्यूज

कवर्धा। अपने विधानसभा क्षेत्र में दौरा करने पहुँचे कवर्धा विधायक उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने महराजपुर, खैरबना,रौचन, समनापुर पहुँचकर जनता से भेंट मुलाकात के साथ सघन जनसम्पर्क किया। इस दौरान उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे को विजय दिलाने के लिए लोगो से आव्हान भी किया ।



### देश के 50 प्रतिशत आबादी माताओं के पीड़ा को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने समझा, पक्का मकान, पक्का शौचालय , हर घर नल से जल और उज्वला गैस के बाद अब मिलेगा सोलर पैनल से बिजली

सभा मे विशाल जन समुदाय को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा आज़ादी के 55 साल बीत जाने के बाद भी न देश से गरीबी हटी और न ही लोगो को मूलभूत सुविधा मिला। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने देश के आधी आबादी 50 प्रतिशत महिला आबादी के पीड़ा को समझते हुए मूलभूत सुविधा उन तक पहुचाने का काम किया। उन्होंने कहा महिलाओं के बड़ी समस्या स्वछता और सम्मान का ख्याल रखते हुए ओ डी एफ खुला शौचालय मुक्त भारत बनाकर महिलाओं के सम्मान के प्रति अपनी संवेदनशीलता का परिचय दिया वही 10 वर्षों में देश मे 4 करोड़ पक्के मकान बनाये गए तो करोड़ो लोगो को चूल्हे के धुएं से निजात दिलाते हुए उज्वला गैस घर घर तक पहुँचा दिया। अब हर घर नल से जल की सेवा मूर्त रूप लेने लगी है।

उन्होंने कहा देश की सुरक्षा के साथ साथ नए विकसित भारत की कल्पना से भारत आगे बढ़ा इन सबके बीच देश के गरीब तबके तक मूलभूत सुविधा का सीधा लाभ उन तक पहुँचे ऐसी व्यवस्था की है । भारत को आगे बढ़ाने के लिए देश की जनता ने मन बना लिया है तीसरी बार फिर से मोदी जी को प्रधानमंत्री बनना है ।

उन्होंने कहा देश को नई दशा और दिशा देने वाले इस यज्ञ में राजनांदगांव पीछे नही रहने वाला है । कवर्धा से भाजपा के सहज सरल प्रत्याशी संतोष पांडे जी को भारी बहुमत से जिताकर कवर्धा भी मोदी जी के संकल्पना को साकार करने के लिए आहुति देगा । श्री शर्मा ने रामनवमी के अवसर पर कवर्धा सहित पूरे छत्तीसगढ़ की जनता को बधाई देते हुए कहा भांचा राम के आज जन्मदिन हे अऊ भांचा के कतका मान अऊ सम्मान छत्तीसगढिया मन कतका करथन एला सब झन जानथन । वही भांचा राम के मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा भी मोदी जी के कार्यकाल में होईस हे । हमर भांचा भगवान राम अयोध्या म अपन भव्य मंदिर में विराजमान होईस हे वो 22 जनवरी के सुंदर दृश्य से मन भर जथे। भगवान राम के राम नवमी के बेरा सब झन ल बधाई । इस अवसर पूर्व विधायक डॉ सियाराम साहू, जिला भाजपा उपाध्यक्ष नितेश अग्रवाल,पूर्व जिला अध्यक्ष अनिल सिंह ठाकुर, ईश्वरी साहू, भाजपा भोरमदेव मंडल अध्यक्ष, महामंत्री, सहित हजारों की संख्या में ग्रामीण जन कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे ।

# गर्मी का कहर शुरू, पारा 41 डिग्री के पार

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। राजधानी रायपुर में बदली-बारिश का दौर थमने के बाद गर्मी का कहर शुरू हो गया है। बुधवार को तिल्दा का तापमान 43 डिग्री और रायपुर का तापमान 41 डिग्री तक पहुंच गया। पिछले तीन-चार दिनों से मौसम तंत्रिका के कमजोर होने के बाद रायपुर का मौसम साफ हो गया है। वहीं बादल पूरी तरह से छंटने की वजह से तापमान बढ़ रहा है।



तापमान बढ़ने की वजह से अब धूप से जलन महसूस होने लगी है। मौसम विभाग का अनुमान है कि महीने के अंत तक रायपुर में पारा 44 डिग्री को छू सकता है। मौसम विभाग के अनुसार राज्?य में हवा की दिशा में बदलाव के साथ आने वाले दिनों में बादल छाने और कहीं-कहीं बारिश होने की संभावना बन सकती है।

मगर तापमान और गर्मी पर इसका प्रभाव होने के आसार अब काफी कम है। बुधवार को आसमान पूरी तरह साफ था। अधिकतम तापमान रायपुर में 41 डिग्री सेल्सियस था, जो सामान्य से दो डिग्री सेल्सियस अधिक है। यहां नमी 58-29 प्रतिशत तक थी।

दिनभर उमस रही। सूर्य की तपिश बढ़ने से सड़कें भी अब तपने लगी हैं। अधिकतम तापमान माना में 40.4, बिलासपुर में 41, पेण्ड्रारोड में 38.9, अंबिकापुर में 38.2, जगदलपुर में 40.6, दुर्ग में 39.8 और राजनांदगांव में 41.5 डिग्री सेल्सियस था। दिन के साथ-साथ रात का तापमान भी बढ़ रहा है। पिछली रात रायपुर का न्यूनतम तापमान 26.1 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

मौसम केंद्र का अनुमान है कि प्रदेश में अगले दो से तीन दिनों में अधिकतम तापमान में 2 डिग्री सेल्सियस तक की वृद्धि हो सकती है। उसके बाद तापमान में विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है। मौसम विशेषज्ञ एचपी चंद्रा ने बताया कि अगले दो दिनों में तापमान में लगातार बढ़ोतरी के आसार हैं, इसके बाद हवा की दिशा में बदलाव हो सकता है। लेकिन तापमान अब ज्यादा गिरावट आने की संभावना नहीं है।

# सभी मतदान दल उत्साह के साथ मतदान कार्य को करें : कलेक्टर

**जगदलपुर।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 10 बस्तर के अंतर्गत बस्तर जिले के तीनों विधानसभा 85-बस्तर, 86-जगदलपुर, 87 चित्रकोट और आंशिक 84 नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए गुरुवार को 699 मतदान दलों को जगदलपुर के धरमपुरा स्थित शासकीय आदर्श महाविद्यालय परिसर में मतदान सामग्री का वितरण कर सम्बन्धित मतदान केंद्रों के लिए वाहनों से रवाना किया गया।

मतदान सामग्रियों के वितरण के अवसर पर मतदान दलों से मिलकर उनका हौसला-अफ्जाई करते हुए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विजय दयाराम के. ने कहा कि सभी मतदान दल उत्साह के साथ मतदान कार्य को संपादित करें। वितरण स्थल में उन्होंने दलों को सामग्रियों का मौका मिलान करने का भी निर्देश दिया।इस दौरान महिला मतदान कर्मी बहुत उत्साहित नजर आई, सभी ने मतदान कार्य को बेहतर तरीके से निष्पादन का आश्वासन दिया। मतदान दलों की रवानगी के अवसर पर कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा द्वारा महिला मतदान दलों के पीठासीन अधिकारियों को गुलाब फूल भेंटकर उत्साहवर्धन करते हुए मतदान केंद्रों के लिए रवाना किया गया।

# उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने राम भजन गीत के पोस्टर का विमोचन किया

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने राम भजन गीत के पोस्टर का विमोचन किया। इस गीत का शीर्षक है राम आ गए हैं त्रेता युग आ गया है गीत की रचना लुकेश ठाकुर ने की है। मूलत: धमतरी के रहने वाले लुकेश ठाकुर ने इस राम भजन को लिखा भी है और इसमें अपनी आवाज भी दी है। एक दिन पूर्व रिलीज हुए इस गीत को अच्छा रिस्पांस मिल रहा है। आज अपने निवास में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने इस गीत के पोस्टर का विमोचन किया और यूट्यूब पर गीत को प्ले करके देखा भी, गीत देखने के बाद उप मुख्यमंत्री ने गीत की तारीफ की और गायक लुकेश ठाकुर को बधाई दी।



बता दें की गीत राम आ गए हैं त्रेता युग आ गया है की शूटिंग महादेव घाट रायपुर में की गई है। पोस्टर विमोचन समारोह में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, गायक लोकेश ठाकुर, गजानंद साहू, विजय मिश्रा समेत अन्य लोग मौजूद रहे। बता दें कि कृष्णा म्यूजिक की शुरुआत इसी राम भजन से की गई है। कृष्णा म्यूजिक की प्रोड्यूसर ज्योति ठाकुर हैं। राम आ गए हैं त्रेता युग आ गया है राम भजन में मुख्य भूमिका में छत्तीसगढ़ की जानी-मानी अभिनेत्री पायल साहू ने अभिनय किया है। इस गीत का म्यूजिक अरेंज रोहित सिन्हा मुंबई ने किया है। इस गीत को आप कृष्णा म्यूजिक के यूट्यूब चैनल या फिर गाने का शीर्षक राम आ गए हैं त्रेता युग आ गया है।

# दीप प्रज्वलित कर शत-प्रतिशत मतदान करने लोगों को दिया गया संदेश

श्रीकंचनपथ न्यूज

गरियाबंद। कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक कुमार अग्रवाल के निर्देश और स्वीप नोडल अधिकारी जिला पंचायत सीईओ रीता यादव के मार्गदर्शन में आज शाम को मतदाता जागरूकता अभियान के तहत जिले के सभी नगरीय क्षेत्रों एवं गांवों के चौक चौराहों में मतदाता दीप प्रज्वलित कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



जिसमें हजारों की संख्या में अधिकारी, कर्मचारी, महिला समूह सहित आमजनों ने बढ़चढ़कर शत-प्रतिशत मतदान करने का संदेश दिया। साथ ही 26 अप्रैल मतदान दिवस के दिन अपने मताधिकार का प्रयोग करने का संकल्प लिया।

इस दौरान महिलाओं ने अपने हाथों से दीप प्रज्वलित कर एक-दूसरे को मतदाता संकल्प बेंड भी पहनाई एवं मतदाताओं को शत - प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया।

लोकसभा निर्वाचन में गरियाबंद जिले के मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान के लिए लगातार शहर से लेकर गांवों तक मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिससे मतदाताओं में अलग उत्साह है। जिले के युवा और बुजुर्ग मतदाता मतदान करने को लेकर उत्साहित नजर आ रहे हैं। इस दौरान आज ग्राम धवलपुर में बारात जाते समय दूल्हे को मतदान करने के लिए संकल्प बैंड पहनाया गया। जिले के समस्त नगर एवं गांवों में दीप प्रज्वलित कर स्वयं मतदान करने एवं दूसरों को भी अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया। उल्लेखनीय है कि लोकसभा निर्वाचन के तहत जिलेवासियों को शत-प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक करने विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है।

# डेंगू से बचाव ही सावधानी है : कलेक्टर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**राजनांदगांव।** कलेक्टर अग्रवाल की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर ने कहा कि ग्रीष्म ऋतु प्रारंभ होने के साथ ही विभिन्न बीमारियों के फैलने की संभावना बढ़ जाती है। उन्होंने विगत वर्ष के सभी डेंगू प्रकरण की मैंपिंग कर सोर्स रिडक्शन की कार्रवाई करने कहा। कलेक्टर ने डेंगू प्रकरण वाले क्षेत्रों में इंडेक्स एडिस लार्वा शून्य निर्देशित नहीं होने तक लगातार सोर्स रिडक्शन करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी डेंगू व मलेरिया सकारात्मक प्रकरण का कान्टेक्ट सर्वे, आरएफ्एस एक्टीविटी, आईईसी, बीसीसी एक्टीविटी एवं फालोअप लेने कहा।

कलेक्टर ने जिले के नागरिकों से डेंगू से बचाव के लिए आवश्यक सावधानी अपनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि




डेंगू का मच्छर आम मच्छरों से अलग होता है और यह दिन की रोशनी में काटता है। ऐसे में घर और आसपास मच्छरों को पनपने नहीं दें। कूलर में पानी जमा होने से उसमें डेंगू का लार्वा पनपने का खतरा रहता है। कूलर का उपयोग नहीं होने पर उसका पानी खाली कर दें एवं जो कूलर चालू है, उसे प्रति सप्ताह खाली कर साफ कर भरे, घर की छत पर रखें गमलों या अन्य चीजों में पानी जमा हो तो उसे तुरंत खाली करना चाहिए, क्योंकि इसमें डेंगू लार्वा पैदा हो सकते हैं। घरों के आसपास या गड्ढों में पानी जमा नहीं होने दें एवं जमा पानी के गड्ढे में जला हुआ तेल डाल दें, जिससे ऑक्सीजन नहीं मिलने के कारण मच्छर के लार्वा नष्ट हो जाता है, मच्छरों से बचने के लिए मच्छरदानी का उपयोग करें। घर के दरवाजो में जाली लगवाएं, पैरों में मोजे पहने एवं दिन में भी सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें। डेंगू से बचाव ही सावधानी है। मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन ने बताया कि डेंगू पर नियंत्रण के लिए विकासखंड छुरिया, डोंगरगढ़, घुमका, डोंगरगांव के उपकेन्द्रों में नागरिकों की स्वास्थ्य सुरक्षा का लक्ष्य लेकर लगातार विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। साथ ही मितानिनों के सहयोग से सोर्स रिडक्शन गतिविधियां भी चलाई जा रही है। उन्होंने बताया कि एडीज एजिप्टी एक ऐसा मच्छर है, जो डेंगू बुखार, चिकनगुनिया, जीका बुखार, मायरो बुखार के वायरस और अन्य रोग एजेंटों को फैला सकता है। मच्छरों के प्रजनन के परिणामस्वरूप महामारी में वृद्धि हो सकती है। एडीज एजिप्टी मच्छर सबसे ज्यादा सुबह और शाम को और छायादार क्षेत्रों में पाए जाते हैं।

यह पूरे साल या अनुकूल स्थिति में किसी भी समय संक्रमण फैला सकते हैं। इससे बचाव के लिए सभी को आवश्यक उपाय अपनाने की आवश्यकता है। डेंगू मच्छर जनित एक वायरल बीमारी है। जिसमें सिर में दर्द, तेज बुखार, मांसपेशियों एवं जोड़ों में दर्द जैसी परेशानियां होती हैं और त्वचा पर चकत्ते भी निकल आते हैं। आँखों के पीछे दर्द होना, जो की आँखों को घुमाने से बढ़ता है, जी मचलाना, उलटी होना, गंभीर मामलों में नाक मुंह मसुड़ों से खून आना, डेंगू फीमेल एडीज मच्छर के काटने से होता है।

डेंगू और मलेरिया जैसी गंभीर बीमारियां मच्छरों के काटने से होती हैं, लेकिन मामूली सावधानी अपनाने से मच्छर के काटने से बचा जा सकता है। भारत में विशेषकर यह बारिश के दिनों में होने वाला सामान्य रोग है। डेंगू का लार्वा सामान्यत: जमे हुए साफ पानी में पनपता है और वर्तमान में गर्मी का मौसम है, जिसमे सभी घरों में कूलर चल रहा है। जो डेंगू के मच्छरों के लिए काफी अनुकूल होता है। यही वजह है कि इस समयावधि में सतर्क रहना जरूरी होता है। डेंगू से बचाव के लिए सभी शासकीय अस्पतालों में नि:शुल्क उपचार की व्यवस्था है। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. यूके चंद्रवंशी एवं स्वास्थ्य से जुड़े अधिकारी उपस्थित थे।



Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65


Premier sales 8959493000
A Leela Electronics 9425507772
Reena Electronics 9329132299
Shree Electronics 7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

## खास खबर...

### छत्तीसगढ़ की अमृता ने टॉप टेन में स्थान हासिल किया

**रायपुर ( ए. )।** मुंबई टू गोवा कोर्डेलिया क्रूज में आयोजित नारी फर्स्ट फैशन शो में भारत के विभिन्न प्रदेशों से 130 प्रतिभागियों ने हिस्सा



लिया जिसमे छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करते हुए राजधानी रायपुर की रहने वाली अमृता गजेंद्र ने कड़े मुकाबले में टॉप 10 फाइनलिस्ट में अपना स्थान बना कर छत्तीसगढ़ को देश के पटल पर गोरवानिंत किया। नारी फर्स्ट शो में अमृता के छत्तीसगढ़ी लूक और छत्तीसगढ़ की संस्कृति की आयोजन कर्ताओं और ज्यूरी मेंबर्स ने सराहना की। अमृता पेशे से मेकअप आर्टिस्ट और युवा उद्यमी है। अमृता को मिली इस सफलता के लिए प्रिया सोनी, रिंकी अंसारी, डोला मोनिशा, नम्रता जायसवाल आदि दोस्तो ने उन्हें शुभकामनाएं दी है।

### छग संयुक्त अनियमित कर्मचारियों संघ ने दिया भाजपा को समर्थन

**रायपुर ( ए. )।** छत्तीसगढ़ संयुक्त अनियमित कर्मचारी संघ ने भाजपा को अपना समर्थन दिया है। संघ के लगभग 2 लाख 80 हजार कर्मचारियों के समर्थन देने पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव ने उनका आभार जताया है। किरण देव ने कहा भाजपा जो कहती है वो करती है। छत्तीसगढ़ संयुक्त अनियमित कर्मचारी महासंघ द्वारा प्रदेश के 2,80,000 अनियमित कर्मचारियों एवं उनके परिवार जनों ने भाजपा को अपना वोट देने के संबंध में समर्थन पत्र दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी और विष्णु सरकार के सुशासन पर अपना विश्वास जताने वाले अनियमित कर्मचारियों का आभार। निश्चित ही भाजपा ही देशवासियों की चिंता कर हर वर्ग को न्याय देने का काम करती है और करती रहेगी।

नागरिकों को सूखा और गीला कचरा अलग-अलग करने के लिए करेंगी जागरूक

# सफाई मित्र वाहनों के साथ चलेंगी स्वच्छता दीदियां, बनाई योजना

**रायपुर ( ए. )।** रायपुर नगर निगम द्वारा नागरिकों से सूखा और गीला कचरा अलग-अलग लेने के लिए रामकी की हर गाड़ी के साथ सफाई दीदियों के चलने की योजना बनाई गई है। अब हर गाड़ी के पीछे-पीछे चलकर सफाई दीदियां नागरिकों को सूखा और गीला कचरा अलग-अलग कर देने के लिए जागरूक करेंगी।




निगम कमिश्नर अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर कल शाम निगम मुख्यालय भवन में अपर आयुक्त द्वय विनोद पांडे, राजेन्द्र गुप्ता और स्वास्थ्य अधिकारी तृप्ति पाणिग्रही ने बैठक ली। जिसमें स्वच्छ भारत मिशन अभियान के अधिकारियों समेत सभी 10 जोनों के स्वास्थ्य अधिकारी तथा वार्ड निरीक्षक भी शामिल थे। स्वास्थ्य अधिकारी श्रीमती पाणिग्रही ने बताया कि बैठक में कचरे के निपटारे पर योजना बनाई गई। साथ ही शहर भर में नागरिकों के घरों से निकले सूखा व गीला कचरा अलग-अलग लेने पर जोर दिया गया। कचरा लेने आई रामकी की गाड़ियों में पुरूष रहते हैं। आमतौर पर देखा जाता है कि ये सफाई मित्र गीला और सूखा कचरे को नागरिकों को अलग-अलग रखने की बात नहीं करते हैं और मिश्रित कचरे को एक साथ ले लेते हैं। निगम कमिश्नर श्री मिश्रा के निर्देश पर रामकी की प्रत्येक वाहन के पीछे सफाई दीदियों को भेजा जाएगा। ये दीदियाँ नागरिकों को सूखा और गीला कचरा अलग-अलग कर देने के लिए प्रेरित करेंगी।

शहर में कचरे की सफाई को लेकर 12 अप्रैल को भी बैठक लेकर प्रतिवेदन बनाया गया था। जिसमें डोर टू डोर कचरा कलेक्शन समेत नाले नालियों और दवा का छिड़काव को लेकर भी प्रतिवेदन बनाया गया था।

# राजधानी में मच्छरों का आतंक, लोग परेशान

## शहर के वीआईपी इलाकों में बढ़ता प्रकोप, मुख्यमंत्री निवास भी नहीं रहा अछूता

**रायपुर ( ए. )।** रायपुर में मच्छरों का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। शहर के कई वीआईपी इलाकों में इनका कहर है। मच्छरों का प्रकोप इतना बढ़ गया है कि वह मुख्यमंत्री निवासी तक पहुंच गया है। मच्छरों के इस आतंक के बाद नगर पालिक निगम रायपुर की टीम ने इससे छुटकारा पाने के लिए जोर-शोर से काम कर रही है।

राजधानी रायपुर में मुख्यमंत्री के आवास में मच्छरों के मिलने से शहर में चर्चा का विषय बन गया है। शहर के पॉश इलाकों में भी, जिसमें मुख्यमंत्री का आधिकारिक आवास भी शामिल है, अब मच्छरों का आतंक है। रायपुर नगर निगम ने अपने स्वास्थ्य और सफाई कर्मचारियों के माध्यम से राजधानी रायपुर के विभिन्न इलाकों से जानकारी एकत्र कर रहे है। साथ ही इसमें पाया है कि मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास, सिविल लाइंस, शंकर नगर व देवेंद्र नगर सहित कई इलाकों में मच्छरों की समस्या सबसे ज्यादा बढ़ गई है।




### मुख्यमंत्री निवास में भी मच्छरों का आतंक

आरएमसी स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही ने बताया कि सीएम हाउस दो महीने से भी ज्यादा समय से बंद था, जिससे धूल और मच्छरों का झुंड जमा हो गया था। अनुमति की बाधाओं के कारण, हाल में कोई सफाई कर्मचारी इस पर काम नहीं कर सका। डॉ. पाणिग्रही ने कहा कि हमें सीएम हाउस से मच्छरों के प्रकोप के बारे में शिकायतें मिली थीं, जिसके बाद हमने अपनी टीम भेजी। अब, हमने सीएम हाउस में मच्छरों की लगभग 80त्न समस्या का समाधान कर दिया है और उम्मीद है कि समस्या जल्द ही हल हो जाएगी।

### 70 टीम बना रही

आरएमसी शहर भर में मच्छरों के प्रकोप से निपटने के लिए 70 लोगों की एक टीम बना रही है। वे इन खतरनाक खून चूसने वाले मच्छरों से निपटने के लिए रासायनिक विशेषज्ञता के लिए कृषि केंद्र और स्वास्थ्य अधिकारियों से भी परामर्श कर रहे हैं। साथ ही विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के दिशा-निर्देशों का पालन भी कर रहे हैं।

### प्रभावित इलाकों में मदद दी जा रही

डॉ. पाणिग्रही ने यह भी बताया कि आरएमसी (रायपुर नगर निगम) ने कॉलोनियों से फीडबैक एकत्र करने और प्रभावित इलाकों को प्राथमिकता देने के लिए तीन एजेंसियों की मदद ली है। उन्होंने कहा कि हम वर्तमान में एक केंद्रीय मच्छर नियंत्रण इकाई स्थापित करने की प्रक्रिया में हैं, जिसमें सफाई कर्मचारियों और सुशिक्षित कर्मियों सहित 70 सदस्य शामिल हैं। यह टीम मच्छरों की समस्या से निपटने के लिए आरएमसी की योजना को क्रियान्वित करेगी।

### मच्छरों पर कम हो रहा असर

इस दौरान मच्छरों में प्रतिरोधक क्षमता विकसित हो गई, जिससे मौजूदा रसायन और दवाइयां उनके खिलाफ कम प्रभावी हो गईं। नतीजतन, आरएमसी ने कृषि केंद्र, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय और राज्य सरकार के स्वास्थ्य विभाग से अधिक प्रभावी रसायनों पर शोध करने के लिए सहायता मांगी है। हालांकि, उन्होंने रसायनों का चयन करते समय डब्ल्यूएचओ के दिशा-निर्देशों का पालन करने के महत्व पर जोर दिया ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि वे इंसानों या जानवरों को नुकसान न पहुंचाएं।

### तैयार कर रही बड़ी रणनीति

इसके साथ ही उन्होंने कहा कि हम शहर में मच्छरों के प्रसार वाले जगह को चिह्नित कर रहे हैं। साथ ही उन जगहों के लिए एक व्यापक रणनीति तैयार की है। अगस्त और सितंबर के आगामी महीनों में, हम एनजीओ, शैक्षणिक संस्थानों और समर्पित स्वच्छता दीदियों के सहयोगात्मक प्रयासों से एक सक्रिय ड्राई अभियान शुरू करने के लिए तैयार हैं।

# रामनवमी में पक्षियों के लिए 'नेकी कर' संस्था ने बांटे सकोरे व दाने




*रायपुर। पशु-पक्षियों की सेवा में कार्यरत संस्था नेकी कर फाउंडेशन ने रामनवमी पर राम मंदिर के प्रांगण में पक्षियों के लिए सकोरा व दाना का वितरण किया। इस दौरान संस्था ने रायपुरवसियो को पक्षियों की सेवा के लिए प्रेरित किया। नेकी कर संस्था ने 2000 सकोरे व 3500 पैकेट दाना का वितरण किया। इस कार्य में 30 वॉलन्टियर्स ने सेवा दी। यदि आप भी पक्षियों की मदद करना चाहते है तो संस्था के ऑफिस से सकोरा प्राप्त कर सकते है।*

# बृजमोहन की उपस्थिति में कई पार्टियों के 300 कार्यकर्ता बीजेपी में हुए शामिल



**रायपुर ( ए. )।** भाजपा सरकार के सुशासन के चलते विभिन्न राजनीतिक दलों, धार्मिक और सांस्कृतिक संगठनों के लोग लगातार भाजपा में शामिल हो रहे है। रायपुर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल के जनसंपर्क के दौरान मंदिर हसौद के खौली गांव में कांग्रेस, जनता जोगी कांग्रेस के पंचायत सदस्य, सरपंच, पंच समेत विभिन्न संगठनों के 300 से लोग भाजपा में शामिल हुए।

बृजमोहन अग्रवाल ने पूर्व जिला पंचायत सदस्य कल्पना पवित्र साहू, पंच प्रेमदास बघेल,पंच लालाराम बघेल, मनीष रात्रे,नरेन्द्र बांदे,जीतराम कोशरिया, टिकेशवर कोटरे, सेतकुमार कुरै, अनिल सोनवान, भावसिंग बारले राजकुमार मारली, गजानंद साहु नराका गायकवाड,वेद?प्रकाश साहू, विकास भानिकपुरी, नेतराम भापन घनश्याम मारको समेत 300 से ज्यादा लोगों को अंगवस्त्र पहनाकर भाजपा में स्वागत किया।

मंत्री अग्रवाल ने कहा कि भाजपा सबका साथ सबका विकास पर काम कर रही साथ ही पार्टी की राष्ट्रहित की नीतियों के चलते ही लोग भाजपा में आ रहे है। उन्होंने सभी को बधाई देते हुए लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुटने और जनता तक पार्टी की विचारधारा को पहुंचाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सांसद सुनील सोनी, विधायक गुरु खुशवंत साहेब, श्याम नारंग, संजय ढीढी, सुनील मिश्रा समेत पार्टी के वरिष्ठनेता भी उपस्थित रहे।

गाजे बाजे के साथ निकली ज्योति कलश विसर्जन यात्रा

# रामनवमी पर्वः भक्ति के रंग में रंगे नजर आए बृजमोहन



**रायपुर ( ए. )।** राजधानी में बुधवार को नवमी का पर्व उत्साह और श्रद्धा के मनाया गया। इस अवसर पर भाजपा रायपुर लोकसभा प्रत्याशी मंत्री बृजमोहन अग्रवाल भी भक्ति के रंग में रंगे नजर आए। अपने आवास पर उन्होंने में सपरिवार विधि-विधान से कन्या पूजन किया। उसके बाद राजधानी में आयोजित विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों में शामिल हुए।

बृजमोहन अग्रवाल कंकाली तालाब और छुइयां तालाब में जोत जवारा दर्शन एवं विसर्जन यात्रा में शामिल हुए और जवारा दर्शन कर आशीर्वाद लिया। साथ ही राम मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में भी शामिल हुए। बृजमोहन अग्रवाल ने सभी प्रदेशवासियों को नवरात्रि और रामनवमी की बधाई देते हुए कहा कि, यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि हमारा जन्म प्रभु श्री राम के ननिहाल, छत्तीसगढ़ की पावन धरती पर हुआ है और आज का अवसर इसलिए भी खास है क्योंकि करीब 500 वर्षों के बाद अयोध्या में प्रभु अपने घर वापस आए है। इसलिए इस साल रामनवमी का पर्व अपने आप में अनूठा है। भगवान से कामना है कि छत्तीसगढ़ की जनता के जीवन में खुशहाली लाएं।



### विसर्जन यात्रा में उमड़े श्रद्धालु

दुर्ग ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र के ग्राम चिंगरी, अछोटी, भरदा, अंडा, जंजगिरी, कुथरेल, विनायकपुर, चंदखुरी, कोलिहापुरी, डौकीडीह, सिरसिदा, ओटेबंद, परसदा, डगनिया, नाहंदा, गुरेदा, सलौनी, भिलाई चीचा, ओड़ारसकरी, मटिया, देवगहन, आमटी, निकुम, आलबरस, भोथली, तिरगा, झोला, अंजोरा, रसमड़ा, गनियारी, बोरई में चैत्र नवरात्रि को जोत जवारा का विसर्जन किया गया। नौ दिनों तक मातारानी के आस्था व विश्वास के प्रतीक जोत जंवारा की विसर्जन यात्रा गाजे बाजे के साथ स्थानीय शीतला तालाब के लिए निकली। पारंपरिक सेवा जसगीत पर माता भक्त झूमते नाचते आगे बढ़ रहे थे। जोत जवारा विसर्जन के लिए शीतला तालाब पहुंचे जिसके चलते माता भक्तों की भारी भीड़ काली माता मंदिर से शीतला तालाब तक बनी हुई थी।

भक्तों ने नम आंखों से माता रानी के आस्था के प्रतीक जोत जवारा को अंतिम विदाई दे रहे थे। गांव के बैगा सालिक राम निर्मलकर ने बताया कि नौ दिन तक जोत जवारा का विधि-विधान से पूजन अर्चना किया गया। इतनी धूम गर्मी में तापमान को बढते हुए देखते पुरे सड़क में पानी छिड़काव किया गया। सेवा भजन के साथ धूमधाम से जवारा विसर्जन किया गया।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243





















# मां बनना चाहती हैं काजोल की बहन तनीषा मुखर्जी





तनीषा मुखर्जी ने फिल्मों से लेकर रियलिटी शो तक काम किया है। हाल ही में हुए एक इंटरव्यू में उन्होंने अपनी पर्सनल लाइफ के बारे में बात की। दरअसल, तनीषा अपनी अपकमिंग फिल्म 'लव यू शंकर' को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म में तनीषा ने एक मां का किरदार निभाया है। 46 साल की तनीषा ने असल जिंदगी में अब तक शादी नहीं की है, लेकिन बातचीत के दौरान तनीषा ने बताया कि वो मां बनना चाहती हैं।

एक इंटरव्यू के दौरान तनीषा ने बताया कि वो शादी और बच्चा दोनों ही करना चाहती हैं, लेकिन उन्हें अभी तक कोई ऐसा मिला नहीं है, जिसके साथ वो आगे बढ़ने के बारे में सोचें। फिल्म में मां बनने के एक्सपीरिएंस पर बात करते हुए तनीषा ने कहा- मां बनने का एक्सपीरिएंस बहुत ही प्यारा होता है। उन्होंने कहा कि मैं असल जिंदगी में अब-तक मां नहीं बन पाई हूं, लेकिन मैंने ऑनस्क्रीन मां बनने का खूब फायदा उठाया है। मैंने अपने ऑनस्क्रीन बच्चे के साथ खूब मस्ती की। शादी करने पर उन्होंने कहा कि अभी उसके लिए लड़का ढूंढना पड़ेगा। इसमें काफी समय लग सकता है।

### निगेटिविटी को कैसे फिल्टर करती हैं तनीषा

तनीषा ने बताया कि इस मामले में वो बहुत स्मार्ट हैं। जब कोई बिना वजह उनकी आलोचना करता है, तो वो उस पर ध्यान नहीं देती हैं। हालांकि, जब वाकई आलोचना सही बात के लिए हो रही हो, तो वो उस पर काम करने की कोशिश करती हैं।

### तनीषा मुखर्जी काजोल की बहन हैं।

श्रेयस तलपड़े-तनीषा मुखर्जी स्टारर फिल्म 'लव यू शंकर' 19 अप्रैल, 2024 को रिलीज होने वाली है। इस फिल्म को राजीव एस. रुइया ने डायरेक्ट किया है, जबकि सुनीता देसाई ने इसे प्रोड्यूस किया है। ये फिल्म एसडी वर्ल्ड फिल्म्स प्रोडक्शन और विसिका फिल्म्स प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले बनाई गई है। फिल्म हिंदी के अलावा तमिल, तेलुगु और कन्नड़ भाषाओं में रिलीज होगी।

### क्या होगी फिल्म की कहानी

बनारस की पृष्ठभूमि पर आधारित ये फिल्म एक आठ साल के लड़के और भगवान शिव के बीच के बंधन के इर्द-गिर्द घूमती है। ट्रेलर की शुरुआत श्रेयस और छोटे लड़के के इंट्रोडक्शन से होती है। फिल्म में उनकी और भगवान शंकर की दोस्ती दिखाई गई है।

# बॉक्सिंग ड्रामा मैं लड़ेगा का फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज

## 26 अप्रैल को सिनेमाघरों में दस्तक देगी फिल्म!

आगामी बॉक्सिंग ड्रामा फिल्म मैं लड़ेगा का फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज हो गया है। यह फिल्म एक ऐसे बॉक्सर की कठिन कहानी है, जो अपनी मां को अपने पिता से बचाने के लिए लड़ता है। पोस्टर में फिल्म के मुख्य कलाकार आकाश प्रताप सिंह दमदार अंदाज में नजर आ रहे हैं। आकाश ने फिल्म को लिखा भी है। फिल्म का निर्माण कथकार फिल्म्स के अंतर्गत अक्षय भगवानजी और पिनाकिन भक्त ने किया है। फिल्म का निर्देशन गौरव राणा द्वारा किया गया है। फिल्म मैं लड़ेगा 26 अप्रैल 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।






'मैं लड़ेगा' एक छोटे शहर के परिवार की कहानी है, जहां मां को लगभग हर दिन अपने पति से घरेलू हिंसा का सामना करना पड़ता है। और यह अप्रिय माहौल आकाश के किरदार पर एक छाप छोड़ देता है। वह खुद को घर से दूर कर लेता है और बड़ा होकर एक मुक्केबाज बॉक्सर बन जाता है और वह इस टॉक्सिक पितृसत्ता से लड़ता है।

और वह अपने पिता से भिड़ जाता है, जो कई सालों से उसकी मां पर अत्याचार कर रहे थे। एक्शन से भरपूर, यह फिल्म भावनात्मक कहानी के साथ दर्शकों के दिलों को निश्चित रूप से झकझोर रख देगी। यह पोस्टर वास्तव में तनावपूर्ण पारिवारिक समीकरण और एक बेटे के अपनी मां के प्रति प्रबल प्रेम को दर्शाता है। दिल के आकार के बॉक्स दस्तानों के बीच में सेट की गई एक फटी हुई पारिवारिक तस्वीर को दिखाते हुए कहानी के भीतर पनप रहे तूफान की ओर इशारा करता है। अक्षय भगवानजी और पिनाकिन भक्त द्वारा निर्मित इस फिल्म को मुख्य अभिनेता आकाश प्रताप सिंह ने लिखा है। 'मैं लड़ेगा' का निर्देशन गौरव राणा ने किया है। अक्षय भगवानजी और आकाश प्रताप सिंह द्वारा स्थापित कथाकार फिल्म्स द्वारा प्रस्तुत और निर्मित मैं लड़ेगा 26 अप्रैल 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# वॉर-2 के सेट से सामने आई ऋतिक व जूनियर एनटीआर की फोटो

## कौन पड़ा किस पर भारी





वॉर-2 के सेट से कुछ फोटो सामने आई हैं। इन फेटो को देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि फिल्म में जबरदस्त एक्शन नजर आने वाला है। इन फोटो में ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर को देखा जा सकता है। ऋतिक रोशन और टाइगर श्रॉफ की वॉर वन ने बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त धमाल मचाया था। अब बारी वॉर-2 की है जिसे लेकर फैंस बहुत ज्यादा उत्साह में हैं। उसकी वजह ये है कि इस फिल्म में ऋतिक रोशन के साथ जूनियर एनटीआर नजर आने वाले हैं। बॉलीवुड का सबसे हैंडसम हंक ऋतिक रोशन और साउथ इंडियन सुपर स्टार जूनियर एनटीआर पहली बार एक साथ स्क्रीन शेयर करने वाले हैं। इस फिल्म की शूटिंग लोकेशन से कभी कभी कुछ फोटो भी लीक हो जाते हैं। हाल में कुछ फोटो रिलीज होने के बाद फैंस ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर को कंपेयर कर रहे हैं।

कुछ ही समय पहेल ही जूनियर एनटीआर का मूवी से लुक सामने आया था। अब फिल्म से जुड़े कुछ और फोटो सामने आ गई हैं। अयान मुखर्जी की इस स्पाई एक्शन थ्रिलर की नई फोटो में ऋतिक रोशन भी हैं। इसमें वो व्हाइट टीशर्ट में नजर आ रहे हैं जिस पर उन्होंने काला वेस्ट कोट पहना है। जूनियर एनटीआर भी दिखाए दे रहे हैं। जो ग्रे टी शर्ट और मेचिंग पेंट्स कैरी किए हुए हैं। हालांकि दोनों फोटो अलग अलग क्लिक हुई हैं। एक और स्टिल दिखाई दे रहा है जिसमें ऋतिक रोशन के माथे पर खून नजर आ रहा है। जिसे देखकर ये माना जा सकता है कि ये कोई एक्शन सीक्वेंस की फोटो हो सकती है।


वैसे तो फिल्म के सिर्फ कुछ ही फोटो नजर आ रहे हैं पर उन्हें देखकर ही फैंस के बीच भी एक कॉम्पिटिशन छिड़ गया है। इन फोटो को शेयर करते हुए अक्षय रोशन नाम के फैन ने लिखा कि ऋतिक रोशन की रॉयलनेस और इनबिल्ट बॉडी देखो यही वॉर टू का असली हीरो है। ऋतिक रोशन ऐसे सौ एनटीआर को खा जाएगा। हालांकि अभी जूनियर एनटीआर के फैंस ने इस पर रिएक्ट नहीं किया है। बता दें कि ये फिल्म साल 2019 में आई वॉर टू का सिक्वेल है, ये फिल्म साल 2025 में रिलीज हो सकती है।

# अक्षय करेंगे साउथ फिल्मों में एंट्री

## शुरू की पहली तेलुगु फिल्म की शूटिंग

**बॉलीवुड के खिलाड़ी यानी अक्षय कुमार अब साउथ सिनेमा में धूम मचाने के लिए तैयार हैं। बॉलीवुड में एक से बढ़कर एक फिल्में देने वाले अक्षय ने अपनी पहली तेलगू फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है।**

अक्षय कुमार इन दिनों 'बड़े मियां छोटे मियां' की सक्सेस एंजॉय कर रहे हैं। इस बीच उन्होंने अपनी अगली तेलगू फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है। अक्षय कुमार विष्णु मांचू की फिल्म 'कनप्पा' के जरिए तमिल सिनेमा में डेब्यू करने जा रहे हैं। इसकी जानकारी विष्णु मांचू ने एक पोस्ट शेयर करके दी है।



### निर्देशक ने शेयर किया पोस्ट

विष्णु मांचू ने एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में अक्षय कुमार नजर आ रहे हैं। विष्णु मांचू व टीम के अन्य लोग उनका वैलकम करते दिख रहे हैं। उन्होंने कैप्शन लिखा है, 'अब 'कनप्पा' की यात्रा और ज्यादा रोमांचक हो गई है, क्योंकि हम सुपरस्टार अक्षय कुमार का तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री में स्वागत कर रहे हैं। 'कन्नप्पा' की एक शानदार अनुभव के लिए तैयार हो जाइए।'

### प्रभास के साथ दिखेंगे एक्टर

विष्णु मांचू की एक्शन एडवेंचर पैन इंडिया फिल्म 'कन्नप्पा' में अक्षय कुमार बाहुबली सुपरस्टार प्रभास के साथ स्क्रीन साझा करेंगे। उनके अलावा मलयालम सुपरस्टार मोहनलाल भी फिल्म में नजर आएंगे। साथ ही नुपुर सेनन, नयनतारा भी फिल्म में अहम रोल में दिखने वाली हैं। यह फिल्म भगवान शिव के एक अटूट भक्त 'कन्नप्पा' की सच्ची कहानी पर बेस्ड होगी।

### 'बड़े-मियां छोटे मियां' ने जीता दिल

अक्षय कुमार इस वक्त फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' को लेकर लाइम लाइट में हैं। ईद के मौके पर रिलीज हुई इस फिल्म में उनके साथ टाइगर श्रॉफ भी हैं। फिल्म में अक्षय और टाइगर का धमाकेदार एक्शन करते दिखे हैं। अली अब्बास जफर के निर्देशन में बनी फिल्म अब तक 43.53 करोड़ रुपये कमा चुकी हैं

# अरबाज खान ने तलाक का उड़ाया मजाक

## मलाइका ने दिया ये रिएक्शन



बॉलीवुड अभिनेता अरबाज खान 2017 में पत्नी मलाइका अरोड़ा 2017 में अलग हो गए थे। दोनों ने शादी के 19 साल बाद एक-दूसरे से तलाक का ऐलान करके अपने फैंस को हैरानी में डाल दिया था। अरबाज ने 1998 में मलाइका से शादी की थी। तलाक के बाद अब अरबाज और मलायका भी अपनी-अपनी जिंदगी में आगे बढ़ चुके हैं। अरबाज ने पिछले साल दूसरी बार शादी की। उन्होंने परिवार और करीबी दोस्तों की मौजूदगी शूरा खान के साथ शादी कर ली। दूसरी तरफ, मलाइका अर्जुन कपूर को डेट कर रही हैं। हालांकि, अब तक दोनों ने शादी नहीं की है। बीच में मलाइका और अर्जुन के ब्रेकअप और कभी मलाइका की प्रेग्नेंसी की अफवाहें भी उड़ीं, जिस पर अर्जुन कपूर ने कड़ी प्रतिक्रिया दी थी।

इस बीच अरबाज खान का एक वीडियो चर्चा में है। इस वीडियो में अरबाज अपने बेटे अरहान खान के चैट शो, 'डंब बिरयानी' में नजर आ रहे हैं। उनके साथ भाई सोहेल खान भी देखे जा सकते हैं। इसके अलावा अरबाज के साथ उनके बेटे अरहान और उनके दोस्त भी मौजूद थे। इस दौरान अरबाज ने अपने रिश्तों के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने मलाइका से तलाक और फिर शूरा से अपनी शादी पर भी रिएक्शन दिया।

21 साल के बेटे अरहान के चैट शो में अरबाज ने मलाइका के साथ अपने तलाक और दूसरी शादी के सवाल पर खूब मजे लिए। बेटे के शो में अरबाज ने कहा- 'जब हम यंग थे तो सब एक साथ ही रहते थे। हम में से एक ने अब तक शादी नहीं की है। (सलमान खान की ओर इशारा करते हुए)।' अरबाज ने फिर अपने और सोहेल के टूटे रिश्ते पर बात करते हुए कहा- 'लेकन, हमने शादी कर ली और फिर अलग भी हो गए।' ये कहते ही अरबाज हंसने लगते हैं। उन्हें हंसता देख सोहेल की भी हंसी छूट जाती है और फिर अरहान और उनके दोस्त भी हंसने लगते हैं। तलाक पर पापा और चाचा का ऐसा रिएक्शन देखने के बाद अरहान दोनों को तलाक पर बधाई देते हैं। अरबाज हंसते हुए आगे कहते हैं- 'तलाक के बाद मैंने दूसरी शादी कर ली।'

इस पर अरहान के एक दोस्त ने बताया कि वह अरबाज की शादी में नहीं पहुंच पाए थे। तो बेटे के दोस्त की बात पर अरबाज मजाकिया अंदाज में कहते हैं कि वो उनकी अगली शादी अटैंड कर सकते हैं। अरबाज के जवाब पर उनके बेटे अरहान और दोस्त ठहाके लगाने लगते हैं। अरबाज-अरहान की मस्तीभरी बातचीत पर यूजर्स ने अलग-अलग रिएक्शन दिये हैं। खास बात तो ये है कि मलाइका अरोड़ा ने भी अरबाज-अरहान के वीडियो पर रिएक्शन दिया है। मलाइका ने दोनों के वीडियो को लाइक किया है।

# क्या लकड़ी का फर्नीचर गंदा हो गया है

क्या आपका लकड़ी का फर्नीचर गंदा और पुराना लगने लगा है अगर हां, तो परेशान न हों! हम आपके लिए कुछ आसान टिप्स लेकर आए हैं जो आपके फर्नीचर को तुरंत चमकदार बना देंगे। इन टिप्स को अपनाकर आप न केवल फर्नीचर की सफाई कर सकेंगे बल्कि उसे नया जैसा भी बना सकेंगे। चाहे वो धूल हो, दाग हो या फिर स्क्रैचेस इन तरीको से आप तुरंत साफ कर सकते हैं। तो चलिए, जानते हैं उन टिप्स के बारे में जो आपके लकड़ी के फर्नीचर को फिर से नया बना देंगे।

## अपनाएं ये टिप्स, चमकने लगेगा तुरंत

### सिरका और तेल का मिश्रण

एक छोटी कटोरी में आधा कप सिरका और आधा कप जैतून का तेल डालें और अच्छे से मिलाएं। इस मिश्रण को एक साफ कपड़े पर लगाकर अपने फर्नीचर पर रगड़ें। यह सिरका और जैतून का तेल का मिश्रण फर्नीचर की धूल और गंदगी साफ करेगा और साथ ही लकड़ी को नमी भी देता है । जिससे वह नया जैसा दिखेगा।

### बेकिंग सोडा का पेस्ट

अगर आपके फर्नीचर पर कोई जिद्दी दाग है, तो एक सरल उपाय आजमाएं। थोड़ा बेकिंग सोडा लें और उसमें पानी मिलाकर पेस्ट बना लें। इस पेस्ट को दाग पर लगाएं और कुछ समय बाद एक साफ कपड़े से उसे पोंछ दें। यह तरीका दाग को हटाने में मदद करेगा और आपका फर्नीचर फिर से नया जैसा दिखने लगेगा।

### नींबू का रस

नींबू के रस में एक कपड़ा भिगोकर उससे अपने फर्नीचर को पोंछें। यह नेचुरल तरीका गंदगी को आसानी से साफ करता है और लकड़ी की चमक को वापस लाता है। इससे आपका फर्नीचर साफ भी होगा और उसकी खूबसूरती भी बढ़ेगी।

### मोम का इस्तेमाल

फर्नीचर पर मोम लगाने से उसकी सुरक्षा होती है और चमक भी बढ़ती है। बस थोड़ा सा मोम एक साफ कपड़े पर लगाएं और फर्नीचर पर अच्छे से रगड़ें। इससे आपका फर्नीचर नया जैसा चमकने लगेगा और उसकी सुरक्षा भी होगी, जिससे वह लंबे समय तक अच्छा दिखता रहेगा।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता

बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है
मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### गायत्री मंदिर में कलेक्टर ने की सपत्नीक पूजा अर्चना



**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** नवरात्रि के अष्टमी की संध्या में गायत्री मंदिर सारंगढ़ में कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू ने सपत्नीक पहुंचकर मां गायत्री की पूजा अर्चना की। मंदिर परिसर के सादगी पूर्ण वातावरण में महिला समूह द्वारा कलेक्टर साहू को माता की चुनरी भेंट की गई। इस दौरान स्थानीय श्रद्धालु जन आरती, भजन कीर्तन में शामिल हुए। पूजा अर्चना कार्यक्रम के बीच कलेक्टर साहू ने स्थानीय नागरिकों का अभिवादन स्वीकार किया।

### युवीन पोर्टल के माध्यम से टीकाकरण कार्यक्रम का हुआ डिजिटाइजेशन

**राजनांदगांव।** युवीन पोर्टल के माध्यम से गर्भवती महिलाओं तथा बच्चों के नियमित टीकाकरण कार्यक्रम का डिजिटाइजेशन किया जा रहा है। कोविड वैक्सीनेशन पोर्टल की तर्ज पर बनाए गए युवीन पोर्टल में 0 से 2 वर्ष के बच्चों तथा गर्भवती महिलाओं को नियमित टीकाकरण कार्यक्रम अंतर्गत लगाए गए सभी टीकों की ऑनलाइन एंट्री युवीन मोबाइल प्लेटफार्म के माध्यम से हो रही है। जिससे सभी हितग्राहियों की ट्रैकिंग सही समय पर हो पाएगी तथा हितग्राही का रिकॉर्ड डिजिटल माध्यम से सुरक्षित हो जाएगा। जिससे भारत में कहीं भी हितग्राही अपना टीकाकरण करवाकर गंभीर जानलेवा बीमारियों से बच सकते हैं। उल्लेखनीय है कि नियमित टीकाकरण कार्यक्रम अंतर्गत स्वास्थ्य केन्द्रों तथा टीकाकरण सत्रों में नि:शुल्क टीकाकरण किया जाता है। संशोधित राष्ट्रीय टीकाकरण सारणी अनुसार गर्भावस्था के दौरान टीडी का टीका तथा शिशु के जन्म के तुरंत बाद हेपेटाइटिस बी, पोलियो बीसीजी का टीका, जन्म के 6 सप्ताह पर पोलियो रोटावायरस एफआईपीवी पीसीवी पेंटावेलेंट, जन्म के 10 सप्ताह पर पोलियो रोटावायरस पेंटावेलेंट, जन्म के 14 सप्ताह पर पोलियो रोटावायरस एफआईपीवी पीसीवी पेंटावेलेंट, जन्म के 9 माह में विटामिन ए मीजल्स रूबेला पीसीवी, जन्म के 14 से 24 महीने पर विटामिन ए पोलियो मीजल्स रूबेला डीपीटी तथा 5 वर्ष पर डीपीटी, 10 व वर्ष 16 वर्ष पर टीडी बूस्टर की खुराक दी जाती है। सभी हितग्राहियों से नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र अथवा टीकाकरण सत्र में अपने शिशु को नियमित रूप से टीके की खुराक अवश्य दिलाने की अपील करते हुए कहा गया है कि गंभीर जानलेवा बीमारियों से सुरक्षा कवच बनाएं। टीकाकरण सत्र में जच्चा बच्चा सुरक्षा कार्ड (एमसीपी कार्ड) आवश्यक रूप से लेकर जाएं एवं प्राप्त खुराक की एंट्री कराए।

### बालको के रेलवे रैक से सस्टेनेबिलिटी एवं उत्कृष्ट उत्पादन को मिला बढ़ावा

**बालकोनगर।** वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने अपने प्रचालन में पहला बोगी ओपन बॉटम रैपिड डिस्चार्ज न्यूमेटिक हाई स्पीड मॉडल-2 (बीओबी आरएनएचएसएम2) रेलवे रैक शामिल किया है। कच्चे माल की खरीद के लिए यह उत्कृष्ट आपूर्ति श्रृंखला एवं सस्टेनेबिलिटी को सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। रेल के माध्यम से कोयले की आपूर्ति को सुचारू रूप से चलाने वाले इस स्ट्रेजिक निर्णय से प्रचालन की दक्षता में वृद्धि होगी। प्रत्येक रैक लगभग 120 ट्रकों की आवश्यकता को पूरा करेगा। भारतीय रेलवे द्वारा प्रस्तावित सामान्य प्रयोजन वैगन निवेश योजना (जीपीडब्ल्यूआईएस) के अंतर्गत शुरू की गई। इस पहल का उद्देश्य कोयला संसाधनों के वितरण को सुव्यवस्थित करना है, जो लॉजिस्टिक लागत में कमी के साथ घरेलू आपूर्ति श्रृंखला को बेहतर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। बीओबीआरएन वैगन में बॉटम डिस्चार्ज दरवाजे हैं जो जल्दी एवं कम समय की लागत में अनलोडिंग प्रक्रिया की सुविधा प्रदान करते हैं। यह कच्चे माल प्राप्त करने के लिए औसत रोटेशन चक्र को सुचारू बनाने में मदद करता है जो बालको जैसे प्रमुख इंडस्ट्री ऑपरेशन के प्रक्रिया को सस्टेनेबल बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। सड़क परिवहन की तुलना में रेल परिवहन कई फायदे हैं। रेलवे की विशाल भार क्षमता ने सड़क नेटवर्क की निर्भरता और सार्वजनिक बुनियादी ढांचे के बोझ को कम किया है जिससे सड़क सुरक्षा और यातायात प्रबंधन में वृद्धि हुई है। यह सामग्री की आवाजाही से जुड़े कार्बन फुटप्रिंट को कम करके इंडस्ट्री ऑपरेशन को अधिक सस्टेनेबल बनाने में मदद करता है, जिससे सस्टेनेबिलिटी प्रयासों में महत्वपूर्ण योगदान मिला है। इनोवेशन सॉल्यूशन को अपनाने पर बोलते हुए बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक श्री राजेश कुमार ने कहा कि बालको बेहतर व्यावसायिक प्रदर्शन के लिए अग्रणी तकनीक और हरित समाधानों का उपयोग करने के लिए कटिबद्ध है। कंपनी में बीओबीआरएनएचएसएम2 रैक की शुरूआत सस्टेनेबल दृष्टिकोण को दर्शाता है।

# नौ कन्या भोज, भंडारे के साथ हुआ ज्योत जवारा विसर्जन

श्रीकंचनपथ न्यूज



**गरियाबंद।** चैत्र नवरात्र के अंतिम दिन आज बुधवार को रामनवमी पर पूरा शहर श्रद्धा से सराबोर रहा। वहीं सुबह से ही देवी मंदिरों में दर्शन करने के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ी रही।जवारा कलस विसर्जन के साथ ही जगह जगह हवन-पूजन,कन्या भोज व भंडारे का आयोजन किया गया तथा प्रसाद वितरण भी किया गया,जिसमे बड़ी संख्या में देवी भक्त प्रसाद ग्रहण करने पहुंचे थे। भक्तों ने देवी के जयकारे लगाकर मातारानी की स्तुति की।

देर शाम तक यही क्रम चलता रहा,हर स्थान पर भीड़ भाड़ नजर आ रही थी प्रसाद लेने के लिए लोग कतार में खड़े थे जिसके साथ चारो ओर माहौल भक्तिमय नजर आ रहा था।रामनवमी के पावन पर्व पर जिलेभर में आस्था का सैलाब उमड़ रहा। शहर सहित पूरे जिले के छोटे-बड़े नगर के मंदिरों में श्रीराम नवमी का उत्सव धूमधाम से मनाया गया।इस दौरान युवा मित्र मंडली समिति के द्वारा महाआरती सहित भंडारा प्रसादी वितरित करने का कार्यक्रम भी रखा गया जिसमे करीब 1500 से दो हज़ार भक्तों ने प्रसादी ग्रहण कर इस पुण्य का लाभ लिया।

शहर के रायपुर रोड में स्थित शिव मंदिर से कार्यक्रमों की शुरुआत हुई।यहाँ से सुबह 10:30 बजे मित्र सेवा समिति द्वारा भंडारे की तैयरि शुरू की गई भंडारे को सफल बनाने में पुरुष एवं महिलाओ ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।भंडारे के आयोजन से पहले यहां महाआरती कर प्रसादी का वितरण किया गया। शहर के बीच शिव व मां दुर्गा मंदिर में आयोजन समिति के अध्यक्ष अतुल गुप्ता एवं ऋषि मोहरे ने बताया कि विगत 4 वर्षो से उनके मित्र मंडली द्वारा शिव मंदिर के प्रगाँण में भंडारे का आयोजन करवाया जाता है यह कार्यक्रम आज सुबह 11 बजे से शुरू हुआ है और भंडारा देर शाम तक चला।जिसमें 1500 से ज्यादा श्रद्धालुओं ने हलवा, पूरी चावल एवं सब्जी की प्रसादी ग्रहण की। यहां श्रद्धालुओं के लिए ठंडे पानी की व्यवस्था भी आयोजन समिति द्वारा की गई थी।व्यवस्था के लिए पुलिस व प्रशासन ने भी व्यवस्थाओं का जिम्मा संभाल रखा था। इस अवसर पर वरिष्ठ नागरिक सत्य प्रकाश मानिकपुरी सोहन देवांगन विजय साहू सत्रुघन साहू युवा मित्र मंडली के अध्यक्ष अतुल गुप्ता,ऋषि मोहरे, सुब्रत पात्र सुमीत पारख, जितेंद्र सेन,आशीष तिवारी,ललित साहू,पीतेश्वर देवांगन भारत दीवान, संजय कश्यप,बाबू भोंसले ,सिनु ठाकुर, वैभव ठक्कर,रुपेश खापड़े अवनीश तिवारी,डागेंद्र चौहान, प्रशांत राठौर,आशीष देवंशी,सुनील सिंगोर, क्षितिज गुप्ता,अनुराग केला सूरज सिन्हा,रवी रोहरा,नरेंद्र पांडे,अनूप गुप्ता,प्रकाश सिन्हा, दिनेश्वर निर्मकलर बँटी गुप्ता विभा कश्यप सहित अन्य लोगों ने सहभागिता कर अपना योगदान दिया।

## मतदाताओं को जागरूक करने महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा




श्रीकंचनपथ न्यूज

**राजनांदगांव।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए मतदाताओं को जागरूक करने बिहान समूह की महिलाओं ने डोंगरगढ़ में कलश यात्रा निकाली। बिहान समूह की महिलाओं ने कलश यात्रा निकालकर मतदाताओं को लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदान कर लोकतंत्र में जिम्मेदारी सुनिश्चित करने के लिए नागरिकों का आव्हान किया।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में शत प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को पूरा करने के लिए कार्य योजना बनाकर लगातार स्वीप कार्यक्रम के तहत लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है। जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह के निर्देशन में बिहान स्वसहायता समूह की महिलाएं गांव-गांव में ग्राम संगठन एवं संकुल संगठन स्तर पर शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए शपथ ग्रहण, रैली, मानव श्रृंखला, कलस यात्रा, रंगोली, मेहंदी, चित्रकला, खेलकूद, नारा लेखन सहित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर ग्रामीणों को जागरूक कर रहीं हैं।

महिलाएं विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीण मतदाताओं को मतदान दिवस 26 अप्रैल को मतदान केन्द्र पहुंचकर मताधिकार का उपयोग करने के लिए प्रेरित कर रही है। अविभाजित राजनांदगांव जिले के सभी विकासखंडों में विगत 7 दिवस में ग्राम बागनदी,भर्रीटोला, मार्कनपुर सहित 89 से अधिक ग्रामों में लगभग 15 हजार से अधिक स्वसहायता समूह की महिलाओं द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत ग्राम संगठन स्तर पर वोट वचन का शपथ लिया गया।

## भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बस्तर संसदीय क्षेत्र के लिए मतदान का समय निर्धारित

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत प्रथम चरण में 19 अप्रैल 2024 को बस्तर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिए मतदान का समय निर्धारित किया गया है।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार बस्तर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र कोण्डागांव, नारायणपुर, चित्रकोट,दंतेवाड़ा,बीजापुर एवं कोंटा में मतदान दिवस 19 अप्रैल 2024 शुक्रवार को प्रातः 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक मतदान होगा। बस्तर विधानसभा क्षेत्र में सुबह 7 बजे से सांयकाल 5 बजे तक मतदान होगा। इसी तरह जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र के 175 मतदान केन्द्रों में प्रातः 7 बजे से सांयकाल 5 बजे तक और 72 मतदान केन्द्रों में सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक मतदान होगा।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले ने बताया कि छत्तीसगढ़ लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत भारत निर्वाचन आयोग की ओर से सभी मतदाताओं को निर्वाचक फोटो पहचान पत्र जारी किए गए है। आयोग सभी मतदाताओं से अपेक्षा करता है कि वे मतदान स्थल पर अपना मत देने से पहले अपनी पहचान सुनिश्चित करने के लिए आयोग की ओर से जारी निर्वाचक फोटो पहचान पत्र दिखाएंगे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबा साहेब कंगाले ने कहा कि यदि कोई निर्वाचक फोटो पहचान पत्र नहीं दिखा पाता है तो भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उनके लिए 12 वैकल्पिक दस्तावेज भी अनुमत किए गए है। ऐसे निर्वाचक जो अपना निर्वाचक फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते है, उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए निम्नलिखित 12 वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई एक प्रस्तुत करना होगा - आधार कार्ड, मनरेगा जाब कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केंद्र/राज्य सरकार/लोक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंकों/डाकघरों द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, सांसदों/विधायकों/विधान परिषद सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र और भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा दिव्यांगजनों को जारी यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड शामिल है। मतदाता इनमें से कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत कर मतदान कर सकेंगे।

प्रवासी निर्वाचकों को जो अपने पासपोर्ट में विवरणों के आधार पर निर्वाचक नामावालियों में पंजीकृत है।

# नीट कोचिंग में दिख रहा छात्र-छात्राओं का उत्साह, कलेक्टर ले रहे फीडबैक

श्रीकंचनपथ न्यूज

**अम्बिकापुर। सरगुजा जिले में शहर एवं ग्राम के प्रतिभावान बच्चों को नीट परीक्षा की तैयारी कराने कलेक्टर विलास भोस्कर की पहल पर जिला प्रशासन द्वारा निशुल्क कोचिंग कक्षा का संचालन 28 मार्च से निरंतर चल रहा है। बच्चों का उत्साह अब नीट कोचिंग में दिखने लगा है।**



कलेक्टर के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय आवासीय निशुल्क नीट कोचिंग का संचालन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पुलिस लाइन अंबिकापुर में किया जा रहा है। कक्षा का संचालन निरंतर 38 दिवस तक होगा। कक्षा में अभी तक 164 बच्चे पंजीकृत हैं। प्रतिदिन इनमें भौतिक, रसायन, वनस्पति एवं जंतु विज्ञान की एक-एक घंटे की अवधि की कक्षा संचालित होती है। छात्र छात्राओं को नि:शुल्क आवासीय व्यवस्था के साथ ही छात्रावास से पुलिस लाइन विद्यालय तक आने-जाने के लिए बस की व्यवस्था की गई है। बच्चों के अभ्यास के लिए बेहतर अध्ययन सामग्री और किताबें नि:शुल्क उपलब्ध कराई गई है।

समय-समय पर कलेक्टर सरगुजा स्वयं बच्चों से मुलाकात कर उन्हें प्रोत्साहित करते हैं, बच्चों के प्रश्न पूछ कर सही उत्तर देने पर उन्हें पुरस्कृत किया जाता है। इसके साथ ही अन्य प्रशासनिक अधिकारी, स्थानीय शासकीय मेडिकल कॉलेज के नवनियुक्त रीडर्स एवं प्रोफेसर, पूर्व मेडिकल छात्र द्वारा तैयारी कर रहे बच्चों की मोटिवेशनल क्लासेस ली जाती हैं।

### जिले में चल रही उत्कर्ष क्लासेस

कलेक्टर सरगुजा के निर्देशन में पूरे जिले में 35 हायर सेकण्डरी विद्यालयों में गणित, भौतिक, रसायन एवं जीव विज्ञान तथा हाई स्कुलों में गणित, विज्ञान एवं अंग्रेजी की पढाई उत्कर्ष कोचिंग के रूप में शुरू की गयी है। इन कोचिंग से सरगुजा के छात्र छात्राओं को आगामी प्रतियोगिता परीक्षाओं में मदद मिलेगी। उत्कर्ष की ये कक्षाएं पूरी गर्मी में सप्ताह में चार दिवस कोचिंग एवं पांचवें दिवस साप्ताहिक परीक्षा के साथ पूरी होगी। इसी तरह सरगुजा जिले के प्राचार्यों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को करियर मार्गदर्शन के लिए कलेक्टर सरगुजा के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में ई सेवाएं एवं करियर मार्गदर्शिका का निर्माण कराया जा रहा है जिसमें राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप विद्यार्थियों के प्रबंधन, विषय चयन, प्रतियोगी परीक्षाओं के जानकारी के साथ पाठ्यक्रम, विभिन्न विषयों के साथ रोजगार के अवसर, विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की सुविधाएं, सरगुजा जिले के बच्चों को राज्य स्तर एवं राष्ट्र स्तर पर उपलब्ध टैलेंट हंट और अन्य छात्रवृत्तियों सम्बंधित परीक्षाओं की जानकारी का संकलन किया जा रहा है। इस मार्गदर्शिका में बारहवीं के बाद विदेशी भाषाओं को सीखने हेतु भी जानकारी संग्रहित की गई है ताकि सरगुजा के बच्चे अपना परचम विदेशों में भी लहरा सके।

# दिव्यांगजनों के लिए चुनावी प्रक्रिया में भाग लेने के लिए सक्षम ऐप बेहतर माध्यम

श्रीकंचनपथ न्यूज

**गरियाबंद। भारत का चुनाव आयोग दिव्यांग लोगों (पीडब्ल्यूडी) को अनुकूलित सेवाएं प्रदान करके मतदाता पहचान और पंजीकरण प्रक्रिया को आसान बनाने की दिशा में काम कर रहा है। एक नए कार्यक्रम के तहत, दिव्यांगजनों को एक विशेष रूप से डिज़ाइन किए गए ऐप के माध्यम से चुनाव आयोग के साथ अपने आवश्यक विवरण साझा करने होंगे, जिसे वे अपने एंड्रॉइड और आईओएस फोन पर आसानी से डाउनलोड कर सकते हैं।**




आईटी के उपनिदेशक श्री नेहरू निराला ने बताया कि किसी भी चुनावी सेवा का अनुरोध करने के लिए, पहली बार मतदाताओं को अपने राज्य, जिला और विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के साथ अपना नाम, पता और मोबाइल नंबर का खुलासा करना होगा, जबकि पंजीकृत मतदाताओं को अपने मतदाता के शीर्ष पर उल्लिखित अपना ईपीआईसी नंबर प्रदान करना होगा। आईडी कार्ड। एक बार जब वे ऐसा कर लेंगे, तो एक बूथ-स्तरीय अधिकारी अन्य औपचारिकताओं को पूरा करने के लिए उनके घर जाएगा। उसके बाद, मतदाता पहचान पत्र उनके पते पर भेजे जाने में ज्यादा समय नहीं है। इस एप्लिकेशन ने दिव्यांगजनों को मतदान दिवस पर व्हीलचेयर के लिए अनुरोध करने में भी सहायता प्रदान की है। सक्षम ऐप दिव्यांगजनों को मतदान करने में भाग लेने में मदद करने के लिए कई सुविधाएं प्रदान करता है। जिसमें ये सुविधाएं शामिल हैं- आवाज सहायता ऐप उन दिव्यांगों के लिए आवाज सहायता प्रदान करता है जो दृष्टिबाधित हैं। टेक्स्ट-टू-स्पीच ऐप उन दिव्यांगों के लिए टेक्स्ट-टू-स्पीच प्रदान करता है जो सुनने में अक्षम हैं। एक्सेसिबिलिटी विशेषताएं ऐप में कई एक्सेसिबिलिटी विशेषताएं हैं, जैसे बड़े फॉन्ट और उच्च-कंट्रास्ट रंग, जिससे दिव्यांगजनों के लिए इसका उपयोग करना आसान हो जाता है। मतदान केंद्रों पर जानकारी ऐप मतदान केंद्रों पर जानकारी प्रदान करता है, जिसमें मतदान केंद्र का स्थान, मतदान केंद्र पर उपलब्ध पहुंच सुविधाएं और मतदान अधिकारियों के संपर्क विवरण शामिल हैं। शिकायतें ऐप दिव्यांगजनों को चुनावी प्रक्रिया में भाग लेने के दौरान आने वाली किसी भी समस्या के बारे में शिकायत दर्ज करने की अनुमति देता है।

सक्षम ऐप दिव्यांगजनों के लिए चुनावी प्रक्रिया में भाग लेने के लिए एक मूल्यवान उपकरण है। ऐप का उपयोग करना आसान है और यह कई सुविधाएं प्रदान करता है जो दिव्यांगजनों के लिए मतदान के लिए पंजीकरण करना, अपना मतदान केंद्र ढूंढना और वोट डालना आसान बनाता है।

## मतदाता संकल्प बैंड बांधकर लोगों को शत-प्रतिशत मतदान के लिए किया गया प्रेरित

**गरियाबंद।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के अन्तर्गत लोगो में मतदान के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने एवं मतदान के प्रतिशत में वृद्धि किये जाने के लक्ष्य प्राप्ति के लिए कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल के निर्देशानुसार व मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत गरियाबंद रीता यादव के मार्गदर्शन में जिले में विभिन्न मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी तारतम्य में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत गरियाबंद पदमिनी हरदेल के नेतृत्व में आज ग्राम पंचायत धवलपुरडीह में मतदाता जागरूकता के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके तहत महिला स्व सहायता समूह की महिलाए एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा मतदाता जागरूकता रैली, शपथ, मतदाता स्टिकर्स का चस्पा करना, 80 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के वृद्धजनों का पीले चावल का तिलक लगाकर सम्मान करके मतदाता संकल्प हैंड बैंड पहनाकर मतदान की तिथि से अवगत करवाना आदि कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

# फर्जी सिम व खाता बेचता था गिरोह, लोगों को गुमराह कर लेते थे उनके दस्तावेज

## वीआईपी कैफे से जुड़ा है मामला, कैफे की आड़ में ऑनलाइन सट्टा के कारोबार में इसका इस्तेमाल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** पिछले दिनों सुपेला के वीआईपी कैफे में रेड के दौरान पुलिस को बड़ी मात्रा में फर्जी सिम व खातों से संबंधित दस्तावेज जब्त किए थे। कैफे की आड़ में ऑनलाइन सट्टा के कारोबार में इसका इस्तेमाल होता था। इस मामले में पुलिस को एक और बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने फर्जी सिम व बैंक खाते उपलब्ध कराने वाले गिरोह को दबोचा है। पुलिस ने रिसाली निवासी संतोष कुमार कोसरे पिता भूषण दास कोसरे सुपेला निवासी कुणाल उर्फ कुनाल सोनी को गिरफ्तार किया है।

इस मामले में प्रार्थी प्रियांशु निले निवासी कोसानगर भिलाई द्वारा थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया की गुरूशरण एवं कुणाल सोनी द्वारा गुमराह कर प्रार्थी के नाम पर बैंक




खाता खोलकर एवं उनके नाम का फर्जी सीम लेकर बडी मात्रा में रकम का लेन देन किया है। प्रार्थी के रिपोर्ट पर थाना सुपेला में धोखाधड़ी का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

जांच के दौरान मुखबिर की सूचना के आधार पर अरोपी संतोष कुमार कोसरे एवं कुणाल उर्फ कुनाल सोनी को घेराबंदी कर पकड़ा गया। आरोपियों से पूछताछ करने पर बताये की प्रार्थी एवं अन्य आमजनों को 2000-4000 रुपए देकर गुमराह कर दस्तावेज लेकर फर्जी बैंक एकाउंट एवं उनके नाम का फर्जी सिम कार्ड लेकर उक्त खातों व सिम दूसरों को 40-50 हजार रुपए में उपलब्ध कराते थे। समस्त बैंक खातों के ट्रांजेक्शन में पाया गया कि इनका इस्तेमाल आनलाइन सट्टा में किया जा रहा था। पुलिस ने लगभग 8-9 करोड़ रुपए का ट्रांजेक्शन पकड़ा है। आरोपी संतोष कुमार कोसरे केनरा बैंक वैशाली नगर में टेम्पररी कर्मी था। जो भोले भाले लोगो को गुमराह कर खाता खोलने का काम करता था। पुलिस ने दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया। इस पूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी सुपेला निरीक्षक राजेश मिश्रा, एसआई अमित अंदानी, एएसआई राजेश सिंह, प्रधान आरक्षक उपेन्द्र सिंह, आरक्षक विकास तिवारी, विशाल सिंह, अजीत सिंह, विवेक सिंह का विशेष योगदान रहा।

## दुकान गई महिला के साथ छेड़छाड़ करने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार

**दुर्ग।** जिले के भिलाई सुपेला में अपनी सहेली के साथ दुकान गई महिला के साथ छेड़छोड़ करने वाले दो आरोपियों को सुपेला पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार कांटेक्टर कालोनी सुपेला की रहने वाली प्रार्थिया ने मंगलवार 16 अप्रेल को थाना सुपेला में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह अपने सहेली के साथ घर के पास दुकान गई थी जहां पर जीवन भूंजि एवं गणेश नामक युवक उसके साथा छेड़खानी करने लगे पीड़िता अपनी सहेली के साथ डर कर घर आपस आई तो तीनो व्यक्ति घर में प्रवेश कर बेईज्जती करने के नियत से हाथ बांह पकड़ने लगे। जिसके बाद प्रार्थिया द्वारा चिल्लाने पर तीनो व्यक्ति भाग गये। प्रार्थिया के रिपोर्ट पर थाना सुपेला में छेडछाड़ का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले में वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में थाना सुपेला पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए मुखबीर सूचना के आधार पर आरोपी जीवन लाल एवं गणेश को घेराबंदी कर पकड़ा गया। दोनो आरोपीगणों को बुधवार को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेजा गया।

## खास खबर



### बुजुर्ग की गला दबाकर हत्या, शव को तालाब में फेंका

**शक्ति (ए.)।** सक्ती जिले के ग्राम सकर्रा के जूना तालाब में समारू सारथी (75) वर्ष का शव ऊपर की और तैरता हुआ मिला। मौके पर पुलिस टीम पहुंची और शव को तालाब से बाहर निकला गया। मृतक के सिर पर चोट के निशान मिले हैं। जिस पर हत्या की आशंका जताई गई। शव का पंचनामा कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। जहां पीएम रिपोर्ट में गला दबाकर हत्या और सिर को पटकने से चोट आने की जानकारी दी गई है। यह घटना मालखरौदा थाना क्षेत्र की बताई जा रही है।

जानकारी अनुसार, मृतक समारू सारथी के बेटे ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई। जिस पर अलग-अलग टीम के द्वारा जांच पड़ताल शुरू की गई। जिसमें पता चला कि गांव का रहने वाला भुनेश्वर सारथी और एक नाबालिग बालक के साथ रात को मृतक के घर के आस-पास देखा गया था। जिस पर संदेही भुनेश्वर और नाबालिक को पुलिस हिरासत में लेकर थाना पहुंची। इस दौरान पूछताछ करने पर बताया कि वह दोनों चोरी करने को मृतक समारु सारथी के घर रात्रि करीबन 11 बजे पहुंचे हुए थे। घर में केवल मृतक समारू सारथी था। इस बीच वह नींद से जगा और देखा की कोई घुसा हुआ है। इस बीच दोनों में हाथापाई हुई और भुनेश्वर सारथी ने अपने पास रखे चुन्नी से समारू सारथी का गला दबा दिया। घर से बाहर निकलकर सिर को पत्थर से पटक दिया। जिसके बाद घर के अंदर से 1000 हजार रुपये और एक मोबइल फोन को चोरी कर लिया। वहीं मृतक के शव को तालाब में फेंक दिया। पुलिस ने कई धाराओं में मामला दर्ज किया है।

### चीतल के मांस बेचते शिकारी रंगे हाथ पकड़ाया आरोपी

**बलौदाबाजार (ए.)।** वनमण्डलाधिकारी बलौदाबाजार मयंक अग्रवाल के निर्देशन एवं उप वनमण्डलाधिकारी कसडोल अक्षय दिनकर भोसले के नेतृत्व में वनों में अवैध शिकार करने वालों पर लगाम कसने वनों में सतत् निगरानी व गश्त लगाया जा रहा है। इसी तारतम्य में वन परिक्षेत्र देवपुर अन्तर्गत



धमलपुरा बीट के कक्ष क्रमांक 292 के मुंशी तालाब में मंगलवार को अपरान्ह 4 बजे गश्त के दौरान वन्यप्राणी चीतल का मांस काटते हुए समारू बिसी पिता उसत बिसी जाति सवरा 69 वर्षीय निवासी ग्राम धमलपुरा को रंगे हाथों पकड़ा गया। सर्च वारंट जारी किया जाकर उक्त अपराधी के निवास पर स्निफर डॉग की विशेष दल द्वारा तलाशी लेने पर 1 नग साही पोटा भी बरामद किया गया। अपराधी के विरूद्ध वन्यप्राणी (संरक्षण) अधिनियम 1972 की धारा 2, 9, 39, 50, 51 के तहत वन अपराध प्रकरण दर्ज कर बलौदाबाजार न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। न्यायालय ने 14 दिनों की न्यायिक रिमांड पर अपराधी को जिला जेल दाखिल कर दिया गया है।

### सूने मकानों से पंप व केबल चोरी करने वाले तीन युवक पकड़ाये

**रायपुर (ए.)।** शहर की कोतवाली थाना पुलिस ने लोगों के घरों से टुल्लू पंप,एसी केबल सहित अन्य सामान चोरी करने वाले तीन युवकों को गिरफ्तार है तथा उनके पास से चोरी का सामान बरामद किया है। मिली जानकारी के अनुसार भाटागांव निवासी जय प्रकाश प्रधान पिता त्रिलोक प्रधान 50 साल ने 4 जनवरी 2024 को थाने में शिकायत दर्ज कराई गई कि मकान में लगे ऐसी केबल ,मोटर पंप केबल वायर को किसी अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया है। मामले की जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि इसके पहले भास्कर चंद्राकर के मकान ए -182 में भी लगे केवल वायर व अन्य सामान तथा मनीष चंद्राकर के मकान नंबर ए -181 में भी एक केवल मोटर पंप का केवल वायर भी चोरी हुई है। जिस पर प्रार्थी की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध 457 380 भादवि का प्रकरण पंजीकृत कर विवेचना में लिया गया विवेचना के दौरान दिनांक 17 अप्रेल को मुखबीर के माध्यम से सूचना मिली कि भाटा गांव चौक में दो लड़के मोटर पंप बेचने के फिराक में ग्राहक की तलाश कर रहे हैं। सूचना पर पुलिस की टीम ने माकै पर पहुंचकर संदेहियों की तलाश की जा रही थी इसी दौरान पुलिस को आता देखकर दोनों युवक भागने लगे जिन्हें पुलिस की टीम ने पकड़ लिया।

# कार में 7 लाख का गांजा, तस्कर गिरफ्तार




**रायपुर (ए.)।** रायपुर पुलिस ने एक कार से 7 लाख का गांजा बरामद कर एक अंतरराज्यीय तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी ओडिशा से गांजा लेकर आ रहा था। नारकोटिक्स सेल और सरस्वती नगर थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने आरोपी को कबीर चौक स्थित शनि मंदिर पास घेराबंदी कर पकड़ा। आरोपी के खिलाफ सरस्वती नगर थाना में नारकोटिक एक्ट का अपराध दर्ज किया गया है।

जानकारी के अनुसार 16 अप्रैल को एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट अंतर्गत नारकोटिक्स सेल की टीम को सूचना प्राप्त हुई कि थाना सरस्वती नगर क्षेत्रांतर्गत कबीर चौक स्थित शनि मंदिर के पास एक व्यक्ति अपने चार पहिया वाहन में गांजा रखा है तथा कहीं जाने की फिराक में है। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना सरस्वती नगर पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा मुखबीर द्वारा बताये उक्त स्थान पर जाकर वाहन की पतासाजी करते हुए वाहन को चिन्हांकित किया गया। वाहन में एक व्यक्ति सवार था जिसने पूछताछ में अपना नाम नरेश निहाल होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा उसके चारपहिया वाहन की तलाशी लेने पर वाहन में गांजा बरामद हुआ।

जिस पर आरोपी नरेश निहाल को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 40 किलोग्राम गांजा, गांजा परिवहन में प्रयुक्त हुण्डई एवन कार क्रमांक सी जी/04/एल पी/4515 तथा 01 नग मोबाईल फोन जुमला कीमती लगभग 7,00,000/- रूपये जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना सरस्वती नगर में अपराध क्रमांक 103/24 धारा 20बी नारकोटिक एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्रवाई की गई। पूछताछ में आरोपी ने गांजा को ओडिशा से लाना बताया। आरोपी पूर्व में भी थाना सरस्वती नगर रायपुर एवं बलौदा बाजार से आबकारी एक्ट के प्रकरणों में जेल निरूद्ध रह चुका है। गिरफ्तार आरोपी नरेश निहाल पिता स्व. लखन लाल निहाल 34 साल निवासी ग्राम लखीमपुर पोड़ापाली थाना राजा खरियार जिला नुवापाड़ा ओडिशा। वर्तमान पता इंद्रप्रस्थ कालोनी ईडब्ल्यूएसई 218 थाना डीडी नगर रायपुर।

कार्रवाई में निरीक्षक लखन लाल पटेल थाना प्रभारी सरस्वती नगर, एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट से प्रभारी परेश पाण्डेय, सउनि. प्रेमराज बारिक, प्र.आर. अभिषेक सिंह, आर. राकेश पाण्डेय, टीकम साहू, अभिषेक सिंह ठाकुर तथा थाना सरस्वती नगर से उपनिरीक्षक लोकेश्वर प्रसाद सदावर्ती, नंद किशोर सिन्हा, ज्ञानचंद साहू, संतोष शुक्ला एवं म.आर. उषा क्षेत्री की महत्वपूर्ण भूमिका रहीं।

## 30 किलो गांजा के साथ 2 अंतरराज्यीय तस्कर गिरफ्तार

निजात अभियान के तहत नशे के खिलाफ रायपुर पुलिस का अभियान जारी है। इस अभियान के तहत पुलिस ने 30 किलो गांजा के साथ 2 अंतरराज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों को मंदिर हसौद के बस स्टैंड से गिरफ्तार किया गया है। इस कार्रवाई को मंदिरहसौद थाना पुलिस और आरपीएफकी संयुक्त टीम ने अंजाम दिया है। दोनों आरोपी ओडिशा के रहने वाले हैं और गांजा लेकर गुजरात जाने वाले थे। आरोपियों के खिलाफ मंदिर हसौद थाना में नारकोटिक एक्ट का अपराध दर्ज किया गया है।

जानकारी के अनुसार मंगलवार को थाना मंदिर हसौद पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि कुछ व्यक्ति उडीसा से रायपुर की ओर आने वाली ट्रेन से गांजा तस्करी करते हुए मंदिर हसौद रेलवे स्टेशन में उतरकर बस स्टैण्ड की ओर जा रहे है। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण कीर्तन राठौर एवं नगर पुलिस अधीक्षक माना लम्बोदर पटेल द्वारा थाना प्रभारी मंदिर हसौद निरीक्षक सचिन सिंह को आरोपियों को गांजा के साथ पकड़ने निर्देशित किया गया। थाना प्रभारी मंदिर हसौद के नेतृत्व में थाना मंदिर हसौद पुलिस तथा मंदिर हसौद आरपीएफ चौकी पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा मुखबीर द्वारा बताये हुलिये के व्यक्तियों की पतासाजी करते हुए व्यक्तियों को मंदिर हसौद के बस स्टैण्ड पास चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्तियों ने अपना नाम संतोष बेहरा एवं सागर जेना निवासी ओडिशा बताया। उनके पास रखे ट्रॉली बैग को चेक करने पर उसमे गांजा बरामद हुआ। दोनों से गांजा के संबंध में कड़ाई से पूछताछ करने पर उनके द्वारा गांजा को ओडिशा से लाकर सूरत गुजरात तस्करी करना बताया गया। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 30 किलो 909 ग्राम गांजा एवं 2 नग मोबाईल फोन जुमला कीमती लगभग 4,83,635 रुपये जप्त कर आरोपियों के विरुद्ध थाना मंदिर हसौद में अपराध क्रमांक 339/2024 धारा 20बी नारकोटिक एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही की गई। गिरफ्तार आरोपी में संतोष उर्फहाडू बंधु बेहरा पिता स्व. डाको बेहरा 25 साल निवासी मंगलपुर जिला गंजाम ओडिशा। सागर जेना पिता बापुनी जेना 19 साल निवासी कुलासरा पाली थाना आस्का जिला गंजाम ओडिशा।




# इंस्टाग्राम में दोस्ती, लालच देकर बनाए अवैध संबंध, किया ब्लैकमेल



**रायगढ़ (ए.)।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में एक युवक ने पहले सोशल मीडियो इंस्टाग्राम में एक युवती से दोस्ती की और फिर पसंद करता हूं शादी करूंगा कहते हुए मेला दिखाने ले जाने के बाद शारीरिक संबंध बनाया। इस बीच आरोपी युवक के द्वारा युवती का फोटो लेकर उसे डराते-धमकाते हुए फिर से शारीरिक संबंध बनाने दबाव डालता रहा। पीड़ित युवती की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी युवक को उसके घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामला रायगढ़ जिले के लैलूंगा थाना क्षेत्र का है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रायगढ़ जिले की लैलूंगा पुलिस ने युवती से दुष्कर्म मामले के आरोपी शुभम चक्रवर्ती 22 साल निवासी तांबामुड़ा थाना फरसाबहार जिला जशपुर को आज उसके घर पर दबिश देकर पकड़ा है। आरोपी गिरफ्तारी से बचने लगातार फरार चल रहा था। पीड़िता ने घटना को लेकर 11 अप्रैल को युवती अपने परिजनों के साथ थाना आकर शुभम चक्रवर्ती के विरूद्ध दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज करायी थी। युवती ने बताया कि शुभम चक्रवर्ती से इंस्टाग्राम के जरिये जान परिचय हुआ था दोनों बातचीत करते थे। शुभम चक्रवर्ती ने पसंद करता हूं, शादी करूंगा कहकर 22 फरवरी को गांव मिलने आया था। उसके बाद 8 मार्च को शुभम गांव आकर मेला दिखाने ले जाने के बहाने गांव से लेकर गया और गांव बस्ती के बाहर सुनसान जगह में जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाया।

युवती ने बताया कि उसके बाद शुभम उसके फोटो घरवालों को भेजकर बदनाम करने की धमकी देकर शारीरिक संबंध बनाने का दबाव डालता था। युवती की शिकायत के बाद आरोपी शुभम चक्रवर्ती पर धारा 376 आईपीसी 67 (1) आईटी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लैलूंगा पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी के लिये उसके घर में दबिश दिया गया लेकिन उससे पहले ही आरोपी फरार था। लैलूंगा थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश जांगड़े ने आरोपी के गांव आने पर सूचना देने मुखबीर लगाकर रखा था। इसी बीच थाना प्रभारी राजेश जांगड़े को मुखबीर से आरोपी के गांव आने की सूचना मिली जिसके बाद तत्काल पुलिस टीम आरोपी के घर दबिश देकर आरोपी को हिरासत में लिया गया जिसे दुष्कर्म और आईटी एक्ट के अपराध में गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।


## अवैध शराब बिक्री करने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार, 62 पौवा देशी प्लेन शराब एवं 600 रुपये जप्त

# अलग-अलग मामलों में चार आरोपी हुए गिरफ्तार

**बालोद (ए.)।** पुलिस अधीक्षक एसआर भगत के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार जोशी जिला बालोद व नगर पुलिस अधीक्षक डॉ. चित्रा वर्मा के मार्गदर्शन में अवैध जुआ सट्टा, शराब के विरूध्द चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना राजहरा में मंगलवार को थाना राजहरा द्वारा शहर में अवैध शराब बिक्री एवं सट्टा-पट्टी लिखने पर 4 आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की गई।

आरोपी कदमदास कुर्रे पिता स्वं दुखुराम कुर्रे 60 वर्ष निवासी गुरूघासीदास नगर वार्ड क्रमांक-27 थाना राजहरा को घटना स्थल वार्ड क्रमांक-22 सतनाम भावन के पीछे राजहरा के पास में अवैध रूप से सट्टा पट्टी लिखते पकड़ा गया आरोपी के कब्जे से एक सफेद कोरे कागज में लिखा सट्टा पट्टी पर्ची, नगदी रकम 1220 रूपये एवं एक नग डाट पेन जप्त कर आरोपी के विरूध्द धारा 4 (क) जुआ एक्ट एवं छग जुआ प्रतिषेध अधिनियम की धारा 6 के तहत कार्यवाही किया गया।

वहीं आरोपी दिनबंधु तारम उर्फदीनू पिता संतराम तारम 35 वर्ष निवासी ग्राम बिटाल थाना राजहरा के पास राजहरा थाना राजहरा को घटना स्थल ग्राम बिटाल रोड के पास अवैध रूप से शराब बिक्री करते पकड़ा गया आरोपी के कब्जे से 25 पौवा देशी प्लेन शराब जुमला 4500 एमएल कीमती 2250 रुपये एवं शराब बिकी की नगदी रकम 200 रुपये जुमला कीमती 2450 रुपये जप्त कर आरोपी के विरूध्द धारा 34 (1) क, ख आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया। इसी तरह आरोपी राजेन्द यादव पिता राम लाल यादव 42 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 12 कैम्प 1 राजहरा थाना राजहरा को घटना स्थल वार्ड क्रमांक 12 कैम्प-1 रेल्वे कासिग पुलिया के पास राजहरा में आरोपी राजेन्द्र यादव को अधिक मात्रा में शराब रखकर बिक्री करने परिवहन करते पकड़ा गया आरोपी के कब्जे से एक पीला रंग के थैला में जिसमें 37 नग पीवा देशी प्लेन शराब जुमला 6,660 बल्क लीटर कीमती 3330 रुपये एवं शराब बिक्री की नगदी रकम 400 रुपये जुमला कीमती 3730 रुपये को जप्त कर आरोपी के विरूध्द धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया। आरोपी कमलेश कुमार यादव पिता नजरू राम 32 वर्ष निवासी वार्ड क्र. 15 पुराना बाजार राजहरा के द्वारा घटना स्थल वीर नारायण चौक के पास में स्थित चबुतरा में अवैध रूप से खुलेआम शराब पीते पकड़े जाने पर आरोपी के विरूध्द धारा 36 (च) 1 आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया ।



सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें
9303289950, 9827806026
8962815243

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

दुल्हन बैंगल्स & फैंसी
RAKESH SINGH
Mob.-9840760388
7987759030
Specialist : Wedding mix match bangles, Glass bangle, Plastic bangle. Saree pin, Bindi, Rubber Band. Bracelet, Butter Fly, Ear ring and many more
पुष्पांजलि स्वीट्स के बाजू में, कृष्णा टाकिज रोड, रिसाली, भिलाई

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
V.I.P happy journey
AMERICAN TOURISTER
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu
9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

## खास - खबर

### महामानव सोसायटी ने किया रक्तदान शिविर आयोजित

**दुर्ग।** महामानव मल्टीपर्पस सोसायटी द्वारा डॉ बाबासाहेब आंबेडकर की जंयती पर रक्तदान शिविर शासकीय जिला हास्पीटल दुर्ग में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. जे.पी. मेश्राम व विशेष अतिथि डॉ.ए.के.साहू व डॉ.अखिलेश यादव एव शिविर कार्यक्रम कि अध्यक्षता डा.संजय वालवांद्रे ने की । कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित किया गया। महामानव मल्टीपर्पस सोसायटी के अध्यक्ष आशीष चौहान ने संस्था के द्वारा किये जा रहे कार्यो का उल्लेख किया । संस्था के माध्यम से लुम्बिनी गजभिये, संध्या खोब्रागढ़े, योगराज साखरे ने एम्स रायपुर को देहदान करने पर सम्मान किया गया। तत्पश्चात रक्तदान शिविर में 24 रक्तवीरों ने रक्तदान किया व सभी रक्तदान करने वाले रक्तवीरों को सम्मानित कर प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया । इस कार्यक्रम में दिलीप ठाकुर जीवन दीप समिति जिला हास्पीटल दुर्ग के सदस्य एवं डोंनगांवकर उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला हास्पीटल दुर्ग के ब्लडबैंक के नोडल अधिकारी डॉ. पी.के .अग्रवाल , डॉ.नेहा नलवाय एवं ब्लडबैंक के समस्त कर्मचारियों का सहयोग रहा। शिविर में विशेष सहयोग के रूप में संजु श्यामकुंवर , संदीप वाहने, दिलीप गजभिये, रमन गंधर्व, सरिता बंसोड, मिलिंद भगत, नरेन्द्र पाटिल का विशेष सहयोग रहा।

### स्वर्गीय अलख राम यादव प्रतिभा सम्मान समारोह में शामिल हुआ विधायक ललित चंद्राकर

**दुर्ग।** दुर्ग ग्रामीण विधान सभा अन्तर्गत मां कल्याणी शीतला मंदिर मरोदा टैंक रिसाली भिलाई पहुंच कर मां कल्याणी माता का आर्शीवाद प्राप्त किया व क्षेत्र वासियों की सुख समृद्धि व खुशहाली की कामना किया। इस अवसर पर आयोजन समिति द्वारा आयोजित स्वर्गीय अलख राम यादव प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम में शामिल होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। क्षेत्र के प्रतिभाशाली व्यक्तियों का सम्मान किया जाता हैं इस अवसर पर विधायक ललित चंद्राकर ने कहा हमारे क्षेत्र प्रतिभा के धनी है यहां सभी खेलो के प्रतिभाशाली लोग है जो अपने काबिलियत के बल पर देश दुनिया में अपना नाम रौशन कर रहे हैं। इसी कड़ी में एक ग्रामीण अंचल की बेटी महज उम्र 15 वर्ष गिनीज़ बुक ऑफवर्ल्ड रिकॉर्ड में तैराकी में नाम रोशन करने वाली बेटी चंद्रकला ओझा व लोक गायिका दूरदर्शन कलाकार सुश्री ममता शिंदे को आज स्वर्गीय अलख राम यादव पुरुष्कर प्रदान किया गया।

### महिला हैंडबॉल स्पर्धाः हेमचंद विवि ने बीकानेर को 15-9 से पराजित किया

**भिलाई।** उदयपुर में चल रही अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालयीन हैंडबॉल महिला स्पर्धा में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय की टीम ने गंगाधर विश्वविद्यालय बिकानेर की टीम को 15-9 से पराजित किया। इससे पहले पेरियार विश्वविद्यालय सालेम के साथ हुए मुकाबले में टीम को 25-7 से हार का सामना करना पड़ा। तीसरे लीग मैच में दिल्ली विश्वविद्यालय की टीम से भी पराजय मिला। यह स्पर्धा 12 से 16 अप्रैल तक उदयपुर विश्वविद्यालय में हुई। इसमें शामिल होने के लिए हेमचंद विवि की टीम 9 अप्रैल को दुर्ग स्टेशन से उदयपुर के लिए रवाना हुई थी। टीम की कोच सुनिधि मिश्रा और मैनेजर विवि के संचालक खेल और शारीरिक शिक्षा डॉ. दिनेश नामदेव थे। डॉ. नामदेव ने बताया कि मैचों में अंकिता वर्मा, कनक माली, प्रिया तिवारी, मदिहा अहमद, प्रियंका बर्वे, अर्चना और नेहा ने अच्छे खेल का प्रदर्शन किया।

# श्रीरामनवमीः भगवामयी हुई इस्पातनगरी, जय श्रीराम के जयघोष के साथ झूमे रामभक्त

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। श्रीराम जन्मोत्सव समिति भिलाई द्वारा आयोजित श्रीरामनवमी के भव्य 39वें वर्ष के आयोजन में आज पूरी इस्पातनगरी भगवामय हो गयी। चारों दिशाओं से हजारों की संख्या में भगवा ध्वज और जय श्रीराम के नारों के साथ उत्साह से ओतप्रोत रामभक्त श्रीरामलीला मैदान पावर हाउस पहुंचे। कार्यक्रम में हजारों श्रद्धालुओं ने जनसहयोग से बने महाप्रसाद को ग्रहण किया, वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा आकर्षक झांकियों का भी आनंद लिया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि डॉ. रमन सिंह, विधानसभा अध्यक्ष. छ.ग. शासन, कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अरूण साव, उप मुख्यमंत्री, विशिष्ट अतिथि प्रेमप्रकाश पाण्डेय, संरक्षक श्रीराम जन्मोत्सव समिति एवं पूर्व केबिनेट मंत्री, सांसद विजय बघेल एवं डॉ. हिमांशु द्विवेदी, वरिष्ठ पत्रकार ने सभा को संबोधित किया। वहीं मुख्य वक्ता बाल योगेश्वर राम बालक दास महात्यागी श्री पाटेश्वर धाम जिला बालोद छत्तीसगढ़ ने विशाल धर्मसभा को संबोधित किया।**

प्रभु श्रीराम के तैलचित्र पर दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई, तत्पश्चात हजारों की संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं ने सामूहिक श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया। इस दौरान विभिन्न प्रखण्डों से आने वाली झांकियां एवं शोभायात्राएं सभास्थल पर पहुंची। सभास्थल पर रामभक्तों के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में रामभक्त सम्मिलित हुए। वहीं भिलाई के प्रत्येक घर से संग्रहित अन्न से बने महाप्रसाद को ग्रहण करने हजारों की संख्या में श्रद्धालु सभास्थल पर पहुंचे। जनसहयोग से बने प्रभु के जन्मोत्सव के इस महाप्रसाद भिलाईवासियों ने ग्रहण किया।

### श्रीराम ने दी संयम के साथ जीवन जीने की सीख

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ पत्रकार डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने कहा कि भिलाई के प्रत्येक घर को राममय किये प्रदेश के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पाण्डेय और श्रीराम जन्मोत्सव समिति साधुवाद के पात्र हैं। लंबे इंतजार के बाद देश को यह सौभाग्य प्राप्त हुआ जब अराध्य प्रभु श्रीराम अयोध्या में अपने धाम में पुनः विराजित हुए हैं। बुधवार सुबह ही उनका सूर्य तिलक भी गुआ। उन्होंने कहा कि श्रीराम के जीवन में तमाम विशेषताएं हैं और उन विशेषताओं में दो गुणों को समझने बूझने की हमें जरूरत है। उनका जीवन हमें यह बताता है कि व्यक्ति में कितना ही सामर्थ्य, व्यक्ति कितना ही सामंतवादी क्यों ना हो, व्यक्ति कितने ही गुणों से संपन्न क्यों ना हो, व्यक्ति कितना ही बल से ओतप्रोत क्यों न हो, व्यक्ति कितनी ही बुद्धि को अपने भीतर धारण न करता हो। इसके बावजूद उन्होंने संयम के साथ जीवन कैसे जीया जाता है यह हमें सिखाया है। श्रीराम अपने पूरे जीवनकाल में केवल एक बार क्रोधित होते हैं। श्रीराम का संपूर्ण जीवन हमारे लिए प्रेरणादायी है एक पुत्र के रूप में, एक राजा के रूप में, एक भाई के रूप में उन्होंने आदर्श स्थापित किये जो सदैव हमारा मार्ग प्रशस्त करेंगे। श्रीराम की उदारता है कि आज जब हम राम जन्मोत्सव मना रहे हैं तो वह अपने शरण में आए हुए हनुमान को इतनी महिमा प्रदान कर दिए हैं कि हनुमान की स्तुति करके हम उनका जन्मोत्सव मना रहे हैं।

तत्पश्चात समिति द्वारा सभी अतिथियों का स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया गया।



### 4 दशकों से हो रहा यह भव्य आयोजन

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समिति के संरक्षक, कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि प्रेमप्रकाश पाण्डेय ने कहा कि विगत 4 दशकों से यह जो भव्य आयोजन हो रहा है इसमें समिति के प्रत्येक सदस्यों और पदाधिकारियों का महत्वपूर्ण योगदान है मैं उन सभी को शुभकामनाएं देता हूं। उन्होंने कहा कि समिति के कार्यकर्ता जिन्होंने घर-घर जाकर के एक मुट्ठी धान प्रभु श्री राम के नाम अभियान के तहत 100 क्विंटल से अधिक अन्न संग्रहण किया वे सभी साधुवाद के पात्र है। आज जो महाप्रसाद बन रहा है यह सबके सहयोग से बना है। यह श्रीरामनवमी का 39वां वर्ष हम सबके लिए महत्वपूर्ण है जब 500 वर्षों बाद प्रभु श्रीराम अपने भव्य मंदिर में विराजमान हुए हैं और आज सूर्य की किरणों से उनका सूर्यतिलक हुआ है। श्री पाण्डेय ने कहा कि वर्ष 1986 से शुरू हुई इस यात्रा में अब 4 दशकों की यात्रा में अब वरिष्ठजनों के साथ-साथ नई पीढ़ी भी जुड़ रही है। इस रामनवमी के कार्यक्रम में ऐसे रामभक्त और सब लोगों का जो सहयोग मिला है, उन सबका भी हम स्वागत करते हैं। उन्होंने कहा कि आप सभी का यही सहयोग और प्रभु श्रीराम के प्रति आस्था इस आयोजन को प्रतिवर्ष एक नई ऊँचाइयों पर ले जाने में सार्थक सिद्ध हो रहा है।

### जहां जहां भगवा लहराता है, वहां वहां रामराज आता है

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित बाल योगेश्वर राम बालक दास महात्यागी श्री पाटेश्वर धाम ने विशाल धर्मसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि जिस तरह भगवान राम ने कभी किसी में भेद नहीं किया, उसी प्रकार आज श्रीराम जन्मोत्सव ने सबका भेद दूरकर यह भव्य कार्यक्रम और महाभंडारे का आयोजन किया। उन्होंने कहा कि लोग अक्सर पूछते हैं भगवा झंडा लेकर चलने से क्या होता है? जय श्रीराम का गगनभेदी नारा लगाने। क्या होता है? इसके दो परिणाम होते हैं जिसे आज सारा विश्व देख रहा है। जहां जहां भगवा लहराता है, वहां वहां रामराज आता है और जहां जहां जय श्रीराम होता है, वहां वहां विधर्मियों का नाश होता है। इन दोनों चीज दिखाई देगा तो आप पूरे भारत को ही नहीं, पूरे विश्व को इस बात का गर्व है कि हमारे प्रभु भगवान राम 500 साल के लड़ाई के बाद श्रीराम जन्मभूमि के भव्य मंदिर पर विराजमान हो गये हैं। श्री बालकदास जी महाराज ने कहा कि जिन लोगों ने राम का विरोध किया, जिन लोगों ने राम के होने का प्रमाण मांगा, जिन लोगों ने रामसेतु को खंडित करने का प्रयास किया और जिन लोगों ने 1990 में अयोध्या की गलियों में रामभक्तों के सीने और माथे में गोली चलाई, ऐसे लोगों को राम जी ने भी नकार दिया।

### 496 साल के बाद अयोध्या में विराजे प्रभु श्रीराम

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि श्रीरामनवमी उत्सव के आयोजन का यह वर्ष, विगत 39 वर्षों की समिति की यात्रा से कुछ अलग है। पिछले 40 सालों से श्रीराम जन्मोत्सव समिति श्रीरामनवमी का आयोजन करती रही है और इस बार का यह आयोजन कुछ अलग है, कुछ भिन्न है। क्योंकि आज जब हम रामनवमी मना रहे हैं तो 496 साल के बाद हमारे अनेक पीढ़ियों के लम्बा संघर्ष, त्याग, तपस्या और बलिदान के बाद हमारे राम लला, हमारे भान्जा भगवान राम के भव्य और देवी मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा समारोह अयोध्या में हुआ। यह पूरी दुनिया ने देखा है कि राम भक्तों में कितनी ऊर्जा का संचार 22 जनवरी को हुआ था और इसलिए इस बार का राम जन्मोत्सव यह अलग है। आज गली गली, मोहल्ले मोहल्ले में राम जन्मोत्सव का आयोजन हो रहा है और हम सब जानते हैं कि हमारे छत्तीसगढ़ में गांव गांव में रामायण का आयोजन होता है, राम कथा का आयोजन होता है और हमारे यहाँ परम्परा है। श्री साव ने कहा कि रामायण के एक प्रसंग सुनाकर मैं आपको कहना चाहता हूं कि भगवान राम के नाम की जितनी बड़ी महिमा है, आपको वह प्रसंग सुनाता हूं है कि जब समुद्र सेतु का बंधन हो रहा था। आप सबको याद है भगवान राम की सेना समुद्र सेतु के बंधन में पूरी ताकत से लगी हुई थी। हमें वह प्रसंग भी याद है जब पूरी सेना को रामकाज में लगे हुए देखकर गिलहरी भी अपने आप को रोक नहीं पाई थी और गिलहरी ने भी अपना योगदान समुद्र सेतु के बंधन में किया था और तब भगवान राम वहां पर बैठे होते हैं। उनकी पूरी सेना समुद्र सेतु के बंधन के काम में लगी होती है।

### श्रीराम जन्मोत्सव समिति का कार्यक्रम अद्भुत : डॉ. रमन

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि इस्पात नगरी को राममय बनाने में श्रीराम जन्मोत्सव समिति की महत्वपूर्ण भूमिका है। इस वर्ष यह अवसर आज एक नई खुशियां लेकर आया है जहां पूरे छत्तीसगढ़ ही नहीं पूरे देश और दुनिया में ये श्रीरामनवमी का अवसर अद्भुत अवसर लेकर आया है जब 500 साल के बाद अयोध्या में भगवान श्रीरामचंद्र अपने धाम में विराजे हैं और हम सभी उनका जन्मोत्सव मना रहे हैं। डॉ. सिंह ने कहा कि 500 साल के बाद एक नया इतिहास हिंदुस्तान रच रहा है तो भगवान राम की कृपा हम सबके ऊपर है। और आने वाला कल यह निश्चित रूप से सबको तय करना है कि जो राम को लाए हैं, हम उनको लाएँगे इस प्रेरणा के साथ। इस मूल मंत्र के साथ सबको राम कार्य में लग जाना है।

### हजारो भक्तों ने ग्रहण किया महाप्रसाद

श्रीराम जन्मोत्सव समिति द्वारा आयोजित श्रीरामनवमी उत्सव में एक मुट्ठी दान,श्रीराम के नाम अभियान में भिलाईवासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। लोगों के घर-घर जाकर समिति के सदस्यों ने अनाज संग्रहण किया जिससे बने महाप्रसाद को प्राप्त करने आज हजारों रामभक्तों, श्रद्धालुओं और आमजनों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। समिति के अंतर्गत सभी प्रखण्डों से श्रीरामनवमी के लिए भव्य आकर्षक स्वचलित झांकियां निकाली गई।

कार्यक्रम का स्वागत भाषण एवं आभार प्रदर्शन मनीष पाण्डेय ने दिया और सफल संचालन श्रीमति ज्योति धारकर ने किया।

कार्यक्रम में वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन, दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, भाजयुमो प्रदेश महामंत्री उपकार चंद्राकर, भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी सीए अमित चिमनानी, जिला भाजपा अध्यक्ष महेश वर्मा, निगम के नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा, श्रीमति तुलसी साहू, डॉ. सलीम राज, श्रीमती निर्मला यादव सहित समिति के प्रांतीय अध्यक्ष रमेश माने, प्रांतीय महामंत्री बुद्धन ठाकुर, कार्यकारी अध्यक्ष प्रवीण पाण्डेय, जिलाध्यक्ष मदन सेन, पार्षद श्यामसुंदर राव, जीत हेमचंद यादव मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## साइकिल पोलो प्रतियोगिता 2024 में छत्तीसगढ़ की धमाकेदार शुरुआत

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** अखिल भारतीय सीसीएफ्सी इन्विटेशन कप सायकल पोलो प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ ने शानदार शुरुआत की है। प्रतियोगिता के द्वितीय दिवस के प्रथम पाली में छत्तीसगढ़ पुरुष वर्ग का पहला मैच उत्तर प्रदेश के विरुद्ध खेला गया जिसमें छत्तीसगढ़ के खिलाडियों ने अपने उमदा खेल से उत्तर प्रदेश की टीम को 13 विरुद्ध 3 से पराजित किया। मैच के शुरूआती राउंड में ही छत्तीसगढ़ टीम ने 2- 1 की बढ़त ले ली। दूसरे राउंड में अपने आक्रमक




खेल से 4 गोल और जोड़ते हुए स्कोर को 6- 2 के मजबूत बढ़त ले ली। तीसरे राउंड में विरोधी उत्तर प्रदेश टीम ने प्रहार करते हुए 1 और गोल जोड़े वही छत्तीसगढ़ टीम 2 गोल जोड़ कर 8-3 के स्कोर पर पहुंची, चौथे एवं अंतिम राउंड में छत्तीसगढ़ ने बहुत ही आक्रमक तरीके से खेलते हुए 5 और गोल दागते हुए अंतिम स्कोर 13-3 से मैच जीतने में कामयाब रही। छत्तीसगढ़ से सर्वाधिक गोल कप्तान विकास कुमार ने 6 गोल, करण साह ने 4 गोल, योगेश्वर साहू 2 गोल एवं चंद्रशेखर साहू ने 1 गोल किया।

छत्तीसगढ़ साइकिल पोलो संघ के मुख्य प्रशिक्षक देव प्रकाश वर्मा ने बताया कि अखिल भारतीय सीसीएफ्सी इन्विटेशन कप सायकल पोलो प्रतियोगिता दिनांक 17 से 21 अप्रैल 2024 तक कलकत्ता में आयोजित की जा रही है जिसमे भिलाई इस्पात संयंत्र साइकिल पोलो क्लब (छत्तीसगढ़)सहित भारत के शीर्ष 6 पुरुष वर्ग एवं 6महिला वर्ग की टीम भाग लेगी। प्रतियोगिता पश्चिम बंगाल सायकल पोलो संघ द्वारा आयोजित की जा रही है जिसमें भारतीय वायु सेना, भारतीय थल सेना, भारतीय प्रादेशिक सेना, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश एवम पश्चिम बंगाल की टीमें हिस्सा लेंगी। बीएसपी साइकलिंग क्लब के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार बंछोर, भिलाई इस्पात संयंत्र सायकल पोलो क्लब के अध्यक्ष परविंदर सिंह, सचिव ईवी सुनील, तोशेंद्र वर्मा सुभाष टिंगुरिया एवं चीफकोच देवप्रकाश वर्मा ने टीम के को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## प्लेट मिल ने रचा नया कीर्तिमान

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र की प्लेट मिल अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन को बहाल रखते हुए वित्त वर्ष 2024-25 में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। प्लेट मिल ने पहली बार नॉर्मलाईजिंग में 300 प्लेट का आंकड़ा पार किया। 05 अप्रैल 2024 को प्लेट मिल ने एक दिन में 304 प्लेटों की नॉर्मलाईजिंग कर, 08 सितम्बर 2018 को दर्ज पिछले रिकॉर्ड 241 प्लेटों की नॉर्मलाईजिंग को पार किया। उल्लेखनीय है कि नॉर्मलाईजिंग एक ऐसी प्रक्रिया जिससे प्लेट की गुणवत्ता में कई गुना वृद्धि होती है। नॉर्मलाईजिंग की प्रक्रिया में प्लेट की मोटाई की मुख्य भूमिका होती है। प्लेट मिल के महाप्रबंधक शैलेंद्र वर्मा के नेतृत्व में नॉर्मलाईजिंग टीम ने जबरदस्त योजना बनाकर, नया कीर्तिमान स्थापित किया। प्लेट मिल के महाप्रबंधक देबब्रत राय, महाप्रबंधक सी पद्मनाभन एवं महाप्रबंधक अनिल कुमार जैन ने टीम का मार्गदर्शन किया।

## निदेशक प्रभारी ने डायरेक्टर इंचार्ज ट्रॉफी 2022-23 और 2023-24 की विजेता टीमों को किया सम्मानित

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** युवा प्रबंधकों के लिए आयोजित डायरेक्टर इंचार्ज ट्रॉफी फॉर यंग मैनेजर्स 2022-23 एवं 2023-24 में शीर्ष स्थान हासिल करने वाली बीएसपी टीमों को भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता द्वारा सम्मानित किया गया। यह सम्मान समारोह 17 अप्रैल 2024 को इस्पात भवन में आयोजित किया गया था।



अनिर्बान दासगुप्ता ने विजेता टीम को सम्मानित किया जिसमें प्रबंधक सोनल श्रीवास्तव, प्रबंधक सिद्धार्थ रॉय और उप प्रबंधक विनय कुमार पवार शामिल थे। साथ ही इस अवसर पर डायरेक्टर इंचार्ज ट्रॉफी 2023-24 की प्रथम उपविजेता टीम एवं दूसरी उपविजेता टीम को भी सम्मानित किया गया। प्रथम उपविजेता टीम में प्रबंधक आशीष पाण्डेय और प्रबंधक नागेश्वर राव एन और दूसरी उपविजेता टीम में प्रबंधक हिमांशु वर्मा, प्रबंधक ऐमान अली और सहायक महाप्रबंधक उमेश मलयथ शामिल हैं। अनिर्बान दासगुप्ता ने संबंधित कार्यपालक निदेशकों की उपस्थिती में सहायक महाप्रबंधक संदीप साहू, सहायक महाप्रबंधक नितिन अग्निहोत्री और प्रबंधक विशाल श्रीवास्तव की टीम को संयंत्र स्तरीय डायरेक्टर-इन-चार्ज ट्रॉफी 2022-23 जीतने के लिए सम्मानित किया। साथ ही उन्होंने, डायरेक्टर-इन-चार्ज ट्रॉफी 2022-23 की प्रथम रनर-अप टीम प्रबंधक हिमांशु वर्मा और सहायक प्रबंधक (कार्मिक) शालिनी चौरसिया की टीम को भी सम्मानित किया। डीआईसी ट्रॉफी 2022-23 की विजेता टीम सेल स्तर पर आयोजित चेयरमेन्स ट्रॉफी फॉर यंग मैनेजर्स प्रतियोगिता में भी प्रथम उपविजेता रही। डीआईसी ट्रॉफी 2023-24 की विजेता टीम ने सेल स्तरीय सीटीवाईएम प्रतियोगिता में भी बीएसपी का प्रतिनिधित्व किया और सीटीवाईएम ट्रॉफी 2023-24 की विजेता रही।

इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक एस मुखोपाध्याय, कार्यपालक निदेशक अजय कुमार चक्रबर्ती, कार्यपालक निदेशक डॉ अशोक कुमार पंडा, कार्यपालक निदेशक समीर स्वरुप, कार्यपालक निदेशक पवन कुमार, कार्यपालक निदेशक बी के गिरी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ एम रविन्द्रनाथ सहित मुख्य महाप्रबंधकगण और संयंत्र के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उपस्थित थे, जिन्होंने पुरस्कार विजेताओं को बधाई भी दी। पुरस्कार विजेताओं को बधाई देते हुए निदेशक प्रभारीअनिर्बान दासगुप्ता ने कहा, कि सेल स्तर की विभिन्न प्रतियोगिताओं में जीतना हमेशा भिलाई इस्पात संयंत्र की प्रयास रही है। हमारे कर्मचारियों की टीम-वर्क और समर्पण के कारण ही यह संभव हो पाया है। पुरस्कार विजेताओं ने हमारे संगठन का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा, मैं सभी पुरस्कार विजेताओं के उज्वल भविष्य की कामना करता हूं और मुझे आशा है कि जीत का यह सिलसिला भविष्य में भी जारी रहेगा।

उल्लेखनीय है कि भिलाई इस्पात संयंत्र अब तक आयोजित 19 सीटीवाईएम प्रतियोगिताओं में से 9 बार इस प्रतिष्ठित ट्रॉफी को जीतने में सफल रहा है और 6 बार उपविजेता का खिताब प्राप्त किया है। इस प्रकार, अब तक आयोजित 19 सीटीवाईएम प्रतियोगिताओं में भिलाई इस्पात संयंत्र ने 15 बार शीर्ष दो स्थानों पर अपनी जगह बनाई है। सीटीवाईएम सेल स्तर पर, वर्तमान प्रबंधन विषयों पर हर साल आयोजित की जाने वाली एक प्रतिष्ठित प्रतियोगिता है। प्रारंभिक स्तर में, सेल की प्रत्येक इकाई से एक टीम को इकाई-स्तरीय प्रतियोगिता (डायरेक्टर इंचार्ज ट्रॉफी फॉर यंग मैनेजर्स) के माध्यम से चुना जाता है और फिर सीटीवाईएम के ग्रैंड फिनाले में सेल की प्रत्येक इकाई का प्रतिनिधित्व करने वाली टीमों में से अंतिम विजेता और उपविजेता का चयन किया जाता है।

## आज लोकतंत्र और संविधान पर खतरा, जनता रहे जागरुकः कुरैशी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** देश के भूतपूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चंद्रशेखर की 97 की जयंती बुधवार को गरिमामय ढंग से मनाई गई। इस अवसर पर लोकनायक जयप्रकाश नारायण स्मारक प्रतिष्ठान, आचार्य नरेंद्र देव स्मृति जन अधिकार अभियान समिति और चंद्रशेखर फाउंडेशन छत्तीसगढ़ के संयुक्त तत्वाधान में परिचर्चा का आयोजन सुबह 10:00 बजे से जेपी प्रतिष्ठान रूआबांधा एचएससीएल कॉलोनी में किया गया।

शुरुआत में अतिथियों व समस्त आगंतुकों ने स्व. चंद्रशेखर के चित्र पर माल्यार्पण कर अपनी ओर से विनम्र श्रद्धांजलि दी। मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ के पूर्व राज्यमंत्री बदरुद्दीन कुरैशी ने कहा कि स्व. चंद्रशेखर को युवा तुर्क के नाम से जाना जाता था और उन्होंने इस नाम को सार्थक भी किया।




स्व. चंद्रशेखर ने देश की युवा शक्ति को एकजुट कर राष्ट्र के मुद्दे पर आंदोलन हेतु अग्रसर किया। श्री कुरैशी ने कहा कि स्व. चंद्रशेखर के तेवर विद्रोही के थे लेकिन देश उनके लिए सर्वोपरि था। उन्होंने कहा कि आज परिस्थितियां दूसरी है और आज देश की जनता को 15 लाख रुपए खाते में डालने या हर साल 2 करोड़ रोजगार देने जैसे जुमलों से दिग्भ्रमित किया गया। परिणाम स्वरूप आज देश में बहुत सी विसंगति देखने में आ रही है।

उन्होंने कहा कि संविधान में संशोधन तो बहुत से हुए लेकिन संविधान की आत्मा को बदलने की बात कभी नहीं हुई। अब कुछ लोग डंके की चोट पर संविधान की आत्मा बदलने की बात कह रहे हैं। हमें ऐसे लोकतंत्र विरोधियों को इस चुनाव में मुंहतोड़ जवाब देना होगा। तब ही हमारा लोकतंत्र सुरक्षित रह पाएगा। इसके लिए जनता को जागरुक रहना होगा।

इसके पहले शुरूआत में स्वागत उद्बोधन देते हुए जेपी प्रतिष्ठान के अध्यक्ष आरपी शर्मा ने कहा कि आज चुनावी माहौल के बीच परिचर्चा का विषय 'वर्तमान लोकतंत्र और संविधान' इसलिए रखा गया है क्योंकि आज देश में संविधान बदलने का माहौल बनाया जा रहा है, जो कि हमारे लोकतंत्र के लिए घातक है। उन्होंने कहा कि गांधीवाद के रास्ते से ही देश में लोकतंत्र सुरक्षित रह सकता है और हम सबको इस चुनाव में संविधान बदलने की नीयत रखने वालों को मुंहतोड़ जवाब देना होगा।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950